INS ACCREDITED
यूनिकॉम एडवरटाइजिंग
Email: info@unicomadvertising.com
www.unicomadvertising.com

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

यूनिक समय

डीएवीपी (केन्द्र सरकार) द्वारा मान्यता प्राप्त-134220
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026-28

Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
www.uniquesamay.com

वर्ष-4 | अंक-271 | सांध्य दैनिक | मथुरा/आगरा संभाग, बुधवार, 25 नवंबर 2026 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | X.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay

28 को गौ ग्राम परखम पहुंचेंगे योगी, करेंगे लोकार्पण-शिलान्यास

यूनिक समय, फरह। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 28 नवंबर को क्षेत्र के गौ ग्राम परखम में पं. दीनदयाल उपाध्याय गौ संवर्धन, पशु आयुर्वेद, अनुसंधान और शिक्षा से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रकल्पों का लोकार्पण- शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, केंद्रीय कृषि-किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल सहित केंद्र और प्रदेश सरकार के कई मंत्री शामिल होंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सोनी मुख्य वक्ता रहेंगे।

दीनदयाल कामधेनु गौशाला समिति के मंत्री हरिशंकर शर्मा ने बुधवार को गौ ग्राम स्थित अशोक सिंघल सभागार में पत्रकार वार्ता में बताया कि 28 नवंबर शनिवार को सुबह 10 बजे समारोह आयोजित होगा। मुख्यमंत्री पशु आयुर्वेद एवं पारंपरिक ज्ञान में एक वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम का विमोचन करेंगे। इसके साथ ही आयुर्वेद कॉलेज एवं चिकित्सालय, पशु चिकित्सालय महाविद्यालय और दो बीएचके आवासीय परिसर का शिलान्यास करेंगे।



गौ ग्राम परखम में आयोजित कार्यक्रम की जानकारी देते समिति के मंत्री हरीशंकर शर्मा, मीडिया प्रभारी कीर्ति पी. कुमार और सर्व व्यवस्था प्रमुख महावीर।

उत्तराखंड के सीएम पुष्कर धामी, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान समेत कई दिग्गज होंगे शामिल

संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सोनी रखेंगे मुख्य विचार

मुख्यमंत्री अनुवादात्मक चिकित्सा में आयुर्वेद एवं पंचगव्य अनुसंधान केंद्र और श्री नंदीश्वर छात्रावास का लोकार्पण भी करेंगे। कार्यक्रम में गौ आधारित चिकित्सा पद्धति, पारंपरिक ज्ञान और अनुसंधान को बढ़ावा देने से जुड़े विषय प्रमुख रहेंगे।

मीडिया प्रभारी कीर्ति पी. कुमार ने बताया कि समारोह में निरंजन पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी कैलाशानंद गिरि और जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि का आशीर्वचन प्राप्त होगा। मुख्य अतिथि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और विशिष्ट अतिथि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी होंगे।

समारोह में केंद्रीय मत्स्य पालन-पशुपालन राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल, देव संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. चिन्मय पंड्या, भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय संगठन मंत्री दिनेश कुलकर्णी, प्रदेश के पशुधन-दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह, आयुष मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु और विज्ञान भारती के राष्ट्रीय सह-संगठन मंत्री प्रवीण रामदास भी शामिल होंगे।

कार्यक्रम के सर्व व्यवस्था प्रमुख महावीर ने बताया कि समारोह में शिक्षाविदों, विश्वविद्यालयों के कुलपतियों, विद्यार्थियों, समाजसेवियों और प्रबुद्ध वर्ग को आमंत्रित किया गया है। डॉ. गौरव श्रीवास्तव ने मॉलिक्युलर बायोलॉजी लैब से संबंधित जानकारी दी। पत्रकार वार्ता में उमेश शर्मा, विनीत कुमार, मुकेश शर्मा, वीरेंद्र और ऋषभ मौजूद रहे।

नहरों-माइनरों की टेल तक एक सप्ताह में पहुंचे पानी

लापरवाह ठेकेदार होंगे ब्लैकलिस्ट


राजीव भवन स्थित सभागार में आयोजित सिंचाई बंधु की बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते उपाध्यक्ष सुधीर रावत।

पानी की चोरी, अवैध कब्जे और खनन का मुद्दा भी उठा

पीड़ित किसानों को मौके पर बुलाकर समाधान के निर्देश

बिजली विभाग के अनुपस्थित अधिकारियों पर कार्रवाई की संस्तुति

यूनिक समय, मथुरा। किसानों की सिंचाई संबंधी समस्याओं, नहरों की सिल्ट सफाई और अवैध कब्जों को लेकर बुधवार को राजीव भवन स्थित सभागार में जिला सिंचाई बंधु की मासिक बैठक आयोजित की गई। शासन द्वारा नामित उपाध्यक्ष सुधीर रावत ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण करने के निर्देश दिए। बैठक में करीब ढाई दर्जन शिकायतें उठीं। इनमें नहरों की टेल तक पानी नहीं पहुंचने, सिल्ट सफाई में लापरवाही, पानी की चोरी और अवैध खनन जैसे मामले प्रमुख रहे।

बैठक में निरंजन सिंह निवासी नगला कनकू ने अहमल माइनर के मध्य भाग में ठेकेदार द्वारा सिल्ट सफाई नहीं कराने की शिकायत की। अरविंद सिंह रावत ने तेहरा माइनर की पटरी पर अराजक तत्वों द्वारा अतिक्रमण कर रास्ता अवरुद्ध करने का मामला उठाया। हरिमोहन शर्मा जिखनगांव ने ड्रेन के निकट नौ बीघा जमीन के राजस्व अभिलेखों में कथित हेराफेरी और सिंचाई विभाग की उदासीनता की शिकायत की।

सुभाष नौहवार ने माना गढ़ी क्षेत्र की गोरौला और डीटासानी माइनरों में टेल तक पानी पहुंचाने की मांग रखी। शैलेन्द्र सिंह ने नहरों और रजवाहों की पटरियों पर जमा सिल्ट हटवाने की बात कही। सोनवीर सिंह ने गढ़सौली माइनर के टेल क्षेत्र में अवैध खनन से हुए नुकसान की शिकायत की। गोपीचंद ने शेरगढ़ रजवाह से अवैध रूप से पानी चोरी किए जाने का मुद्दा उठाया।

शिकायतों पर उपाध्यक्ष ने निर्देश दिए कि जिले की सभी नहरों, रजवाहों और माइनरों में एक सप्ताह के भीतर टेल तक पानी पहुंचना तय किया जाए। सिल्ट सफाई में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने और मानकों के अनुरूप काम नहीं करने वाली फर्मों का भुगतान रोकने की कार्रवाई की जाए।

कार्यालयों में नहीं, मौके पर होगा किसानों की शिकायतों का निस्तारण

उपाध्यक्ष सुधीर रावत ने स्पष्ट किया कि किसानों की शिकायतों का निस्तारण केवल कार्यालयों में बैठकर नहीं किया जाएगा। शिकायतकर्ता किसान को मौके पर बुलाकर उसकी मौजूदगी में समस्या का समाधान कराया जाए। बैठक में बिजली विभाग देहात क्षेत्र के सभी अधिशासी अभियंताओं की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताते हुए प्रशासनिक कार्रवाई की संस्तुति की गई। बैठक में राजकुमार तोमर, मंडल अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी, सोनीवीर सिंह, जिला अध्यक्ष, अवधेश रावत और दीपक चौधरी सहित किसान प्रतिनिधियों ने सिंचाई विभाग के कार्यों की गुणवत्ता पर संतोष जताया।

बैठक में सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता नवीन कुमार, आगरा कैनाल के अपर खंड अधिकारी सहित विभिन्न खंडों के सहायक अभियंता मौजूद रहे। इनके अलावा लोक निर्माण विभाग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लघु सिंचाई और अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

रेलवे मजिस्ट्रेट चेकिंग में बिना टिकट यात्रा करते 92 यात्री पकड़े


बुधवार को चेकिंग के बाद जंक्शन स्थित वीआईपी कक्ष में बिना टिकट पकड़े यात्रियों पर कार्रवाई करते रेलवे मजिस्ट्रेट सूरजभान वर्मा।

रेलवे मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में चला टिकट चेकिंग अभियान

10 लोगों को अनाधिकृत तरीके से पटरी पार करते पकड़ा

सभी से वसूला एक लाख रुपये से अधिक का जुर्माना

यूनिक समय, मथुरा। जंक्शन रेलवे स्टेशन पर बुधवार को रेलवे मजिस्ट्रेट सूरजभान वर्मा के नेतृत्व में टिकट चेकिंग स्टाफ ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान स्टेशन परिसर और ट्रेनों में जांच की गई। इस दौरान बिना टिकट यात्रा करने वाले 92 यात्रियों को पकड़ा गया। वहीं, 10 लोग अनाधिकृत तरीके से रेलवे लाइन पार करते हुए मिले। सभी से मौके पर ही 109000 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया।

रेलवे अधिकारियों का उद्देश्य बिना टिकट यात्रा करने वालों पर अंकुश लगाने के साथ ही रेलवे परिसर में नियमों का पालन सुनिश्चित कराना है। वहीं, रेलवे लाइन को अनाधिकृत रूप से पार करने वालों को भी जागरूक किया जा रहा है। रेलवे प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया है कि इस तरह के चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेंगे। इससे रेलवे को होने वाले राजस्व के नुकसान को रोकने के साथ यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। चेकिंग टीम में स्टेशन निदेशक सुनील शर्मा भी मौजूद रहे। टीम में सीटीआई शैलेश मिश्रा के नेतृत्व में कृष्णा पांडे सीटीआई, डिप्टी सीडी हिमांशु खत्री, मनीष वर्मा, पूजा मीणा के अलावा आरपीएफ से विक्रम सिंह, श्याम सिंह, कोर्ट स्टाफ जितेन सोलंकी, दीपक मिश्रा, राहुल शर्मा, हिमांशु मिश्रा आदि मौजूद रहे।

जंक्शन रेलवे स्टेशन के सभी प्लेटफार्मों पर लगेंगे 260 नए डस्टबिन

यात्रियों को कचरा निस्तारण में होगी आसानी

यूनिक समय, मथुरा। जंक्शन रेलवे स्टेशन पर स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने और यात्रियों को इधर-उधर कचरा फेंकने से रोकने के लिए रेलवे ने नई पहल की है। स्टेशन के सभी प्लेटफार्मों पर 260 नए डस्टबिन लगवाए जाएंगे। इससे यात्रियों को कचरा डालने के लिए उचित स्थान मिल सकेगा और स्टेशन परिसर को साफ-सुथरा रखने में मदद मिलेगी।

जंक्शन पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्रियों का आवागमन होता है। ट्रेनों के इंतजार और आवाजाही के दौरान यात्री खाद्य पदार्थों के पैकेट, पानी की खाली बोतलें, कागज और अन्य कचरा प्लेटफार्मों पर ही छोड़ देते हैं। इसके चलते कई बार प्लेटफार्मों पर गंदगी फैल जाती है।

वर्तमान में स्टेशन पर लगे डस्टबिन यात्रियों की संख्या के अनुपात में पर्याप्त नहीं हैं। कई स्थानों पर डस्टबिन की कमी के कारण यात्रियों को कचरा डालने में परेशानी होती है।

इस समस्या को देखते हुए रेलवे ने सभी प्लेटफार्मों पर 260 नए डस्टबिन लगवाने का प्रस्ताव तैयार किया है। प्रस्ताव को स्वीकृति के लिए उच्चाधिकारियों के पास भेजा गया है। अधिकारियों की मंजूरी मिलने के बाद डस्टबिन लगाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।



बंदर फैलाते हैं गंदगी

जंक्शन रेलवे स्टेशन की साफ सफाई में बंदर बड़ी समस्या हैं। प्लेटफार्मों पर विचरण करने वाले बंदर भोजन की तलाश में डस्टबिनों को उलट देते हैं। जिसकी वजह से प्लेटफार्मों पर गंदगी बिखरी नजर आती है।

> “ जंक्शन रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्मों को साफ सुथरा रखने के लिए 260 अतिरिक्त डस्टबिन लगाए जाएंगे। इसका प्रस्ताव उच्चाधिकारियों को भेजा गया है।
>
> **सुनील कुमार शर्मा, स्टेशन निदेशक।**

यमुना एक्सप्रेस-वे पर रफ्तार पर लगाम, 75 से ऊपर नहीं दौड़ेंगी कारें

कोहरे में हादसे रोकने के लिए गति सीमा पर लगाम

भारी वाहन 60 और हल्के वाहन अधिकतम 75 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलेंगे



यूनिक समय, मथुरा। सर्दियों में कोहरे और धुंध के कारण होने वाले सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए यमुना एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार से वाहनों की गति सीमा घटा दी गई है।

अब एक्सप्रेस-वे पर भारी वाहन अधिकतम 60 किलोमीटर प्रति घंटा और हल्के वाहन 75 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चल सकेंगे। निर्धारित गति सीमा का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

सर्दी के मौसम में कोहरा और धुंध छाने से दृश्यता कम हो जाती है। ऐसे में तेज रफ्तार वाहन चालकों को आगे चल रहे वाहनों का अंदाजा नहीं लग पाता और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। एक्सप्रेस-वे पर सफर करने वाले यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए गति सीमा कम करने का निर्णय लिया गया है। यमुना एक्सप्रेस-वे पर वाहनों की गति नियंत्रित करने के लिए प्राधिकरण ने नई व्यवस्था लागू की है।

भारी वाहनों की अधिकतम गति सीमा 60 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित की गई है, जबकि हल्के वाहनों को 75 किलोमीटर प्रति घंटा से अधिक की रफ्तार से चलने की अनुमति नहीं होगी।

प्राधिकरण की ओर से वाहन चालकों से कोहरे के दौरान विशेष सतर्कता बरतने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने और सुरक्षित दूरी बनाए रखने की अपील की गई है, ताकि सर्दियों में हादसों की आशंका कम की जा सके।

धीमी रफ्तार और सुरक्षित दूरी जरूरी

कोहरे या धुंध में वाहन निर्धारित गति सीमा के भीतर और सड़क की दृश्यता के अनुसार चलाएं। आगे चल रहे वाहन से पर्याप्त दूरी बनाए रखें, ताकि अचानक ब्रेक लगने पर टक्कर से बचा जा सके। ओवरटेक करने और बार-बार लेन बदलने से बचें। आगे का रास्ता साफ दिखाई न दे तो गति और कम करें। यमुना एक्सप्रेस-वे पर लागू गति सीमा का पालन करें।

वाहन की जांच करके ही निकलें

सर्दियों में यात्रा शुरू करने से पहले वाहन की हेडलाइट, टेललाइट, इंडिकेटर, ब्रेक, टायर और वाइपर जांच लें। शीशे साफ रखें, ताकि दृश्यता बेहतर बनी रहे। कोहरे में लो-बीम हेडलाइट और उपलब्ध फॉग लैंप का सही इस्तेमाल करें। हाई-बीम रोशनी से बचें, क्योंकि इसकी चमक धुंध में लौटकर सामने देखने में परेशानी बढ़ा सकती है। सीट बेल्ट जरूर लगाएं।

नींद आए तो सफर रोकें

सर्दियों में लंबी दूरी की यात्रा के दौरान थकान और नींद आना हादसों का कारण बन सकता है। वाहन चलाते समय जम्हाई आए, आंखें भारी हों या एकाग्रता कम महसूस हो तो तुरंत सुरक्षित स्थान पर वाहन रोकें। कुछ देर आराम करने के बाद ही आगे बढ़ें। नींद भगाने के लिए तेज संगीत या खिड़की खोलने पर निर्भर न रहें। पर्याप्त नींद लेकर यात्रा शुरू करें।

घने कोहरे में यात्रा से बचें

कोहरा बहुत घना हो और सड़क पर आगे देखना मुश्किल हो तो गैर-जरूरी यात्रा टाल दें। मौसम और यातायात की स्थिति सामान्य होने पर ही निकलें। यदि रास्ते में अचानक दृश्यता कम हो जाए तो सुरक्षित स्थान देखकर वाहन रोकें। सड़क के बीच असुरक्षित ढंग से खड़े न हों। जल्दबाजी में मंजिल तक पहुंचने के बजाय अपनी और दूसरों की सुरक्षा को प्राथमिकता दें।



वृद्ध महिला से मारपीट का आरोप दो पुत्रियों और पुत्र पर मुकदमा

संपत्ति विवाद में जमीन पर पटककर पीटने का आरोप, सिर और घुटने में आई चोटें

यूनिक समय, वृंदावन। वृद्ध महिला ने अपनी दो पुत्रियों और पुत्र पर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वृंदावन के मोहल्ला वंशीवट निवासी वीरमती देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके पति की करीब तीन वर्ष पहले मृत्यु हो चुकी है। आरोप है कि उनकी पुत्रियां नीरज और सावित्री और पुत्र कृष्ण मुरारी आए दिन उनके साथ विवाद और अभद्र व्यवहार करते हैं। पीड़िता के अनुसार, 25 सितंबर को दोपहर पागल बाबा बिजलीघर के पास उनके साथ मारपीट की गई। आरोपियों ने उन्हें जमीन पर पटककर पीटा, जिससे सिर, घुटने सहित शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं।

पीड़िता ने संपत्ति को लेकर विवाद होने की बात भी कही है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

यातायात माह में 1032 वाहनों के चालान, 33 सीज

ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर लगाए रिफ्लेक्टिव टेप, नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई



ट्रैक्टर-ट्राली पर रिफ्लेक्टिव चिपकवाते यातायात पुलिसकर्मी।

यूनिक समय, मथुरा। यातायात माह नवंबर के तहत बुधवार को यातायात पुलिस ने सड़क सुरक्षा-जागरूकता अभियान चलाया। एसएसपी के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक यातायात ने टीम के साथ शहर के प्रमुख स्थानों पर वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाए गए, ताकि रात में उनकी दृश्यता बढ़ सके। वहीं, चेहरा ढककर वाहन चलाने वाले युवाओं के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

अभियान के दौरान हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग, नशे में वाहन नहीं चलाने और अनुशासित ड्राइविंग का संदेश दिया गया। केजेएस फाटक सहित अन्य स्थानों पर टीएसआई ने पंपलेट वितरित कर लोगों को जागरूक किया। यातायात पुलिस ने बताया कि नियमित चेकिंग के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के 1032 चालान किए गए और 33 वाहन सीज किए गए। पुलिस ने नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने और सड़क सुरक्षा में सहयोग करने की अपील की।

नवादा पुल से भरतपुर पुल तक जाम का हा-हाकार

हाईवे पर रोजाना लग रही वाहनों की कतार, जाम में फंसकर परेशान हो रहे राहगीर

ट्रैफिक पुलिस की मशक्कत भी नहीं आ रही काम, चौराहों पर बेकाबू यातायात बना मुसीबत



हाईवे पर नवादा पुल से नरहौली चौराहा के बीच जाम में फंसे वाहन।


यूनिक समय, मथुरा। हाईवे पर नवादा पुल से लेकर भरतपुर पुल तक जाम का झाम राहगीरों के लिए रोजाना मुसीबत बन रहा है। बुधवार को भी हाईवे पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। जाम में फंसे वाहन सवार घंटों तक निकलने का इंतजार करते रहे। चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस की ओर से वाहनों को रोके जाने के कारण यातायात का दबाव बढ़ता गया और देखते ही देखते वाहनों की कतार लग गई।

हाईवे से गुजरने वाले वाहन चालक टोल टैक्स इसलिए चुकाते हैं, ताकि उनका सफर सुगम और तेज हो सके, लेकिन यहां की स्थिति इसके उलट है। नवादा पुल से भरतपुर तिराहे और उससे आगे तक आए दिन वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। दोपहिया और चारपहिया वाहनों के साथ भारी वाहन भी जाम में फंस जाते हैं। लोगों को थोड़ी दूरी तय करने में भी काफी समय लग जाता है।

जाम की समस्या के पीछे चौराहों पर यातायात का सही प्रबंधन नहीं होना भी बड़ी वजह बन रहा है। ट्रैफिक पुलिस वाहनों को नियंत्रित करने का प्रयास करती है, लेकिन कुछ बाइक और छोटे वाहनों के चालक जल्द निकलने की होड़ में नियमों की अनदेखी कर चौराहे से वाहन निकालने लगते हैं। इससे यातायात व्यवस्था बिगड़ जाती है और जाम खुलने के बजाय और लंबा होता जाता है। स्थानीय लोगों ने हाईवे पर यातायात व्यवस्था दुरुस्त कराने और नियमित जाम से निजात दिलाने की मांग की है।

त्योहारों की व्यस्तता के बीच अपराधियों पर भारी पड़ी पुलिस

एक पखवाड़े में पांच अभियुक्त गिरफ्तार चार बदमाश मुठभेड़ में गोली लगने से घायल



यूनिक समय, मथुरा। त्योहारों की सुरक्षा, वीआईपी दौरों और नगर निगम कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी जैसी गंभीर चुनौतियों के बीच मथुरा पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ अभियान जारी रखा। नवंबर के पहले पखवाड़े में अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई मुठभेड़ों के दौरान पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इनमें चार बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हुए। पुलिस ने इन कार्रवाइयों के जरिए लूट, छिनैती और हत्या जैसी वारदातों में शामिल अपराधियों पर शिकंजा कसा।

नवंबर की शुरुआत से ही पुलिस के सामने सुरक्षा संबंधी चुनौतियां बढ़ गई थीं। दीपावली समेत अन्य त्योहारों पर श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के साथ स्थानीय लोगों की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी पुलिस पर थी। धार्मिक नगरी मथुरा-वृंदावन में वीआईपी दौरों के चलते अतिरिक्त पुलिस बल और अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था में लगाना पड़ा। इसी बीच पंजाब के एक आतंकी की ओर से दीपावली के दौरान नगर निगम कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी ने पुलिस की चिंता और बढ़ा दी थी। इन तमाम व्यस्तताओं के बावजूद पुलिस ने अपराधियों की धरपकड़ के अभियान में ढिलाई नहीं बरती। हाईवे थाना पुलिस ने महोली में हुई हत्या के मामले में वांछित अभियुक्त को मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने के बाद गिरफ्तार किया। छाता पुलिस ने मुठभेड़ में एक शातिर लुटेरे को घायल कर दबोचा। उसके कब्जे से लाखों रुपये का सामान बरामद किया गया।

इसी तरह रिफाइनरी थाना पुलिस ने भी मुठभेड़ के दौरान एक अभियुक्त को गोली लगने के बाद गिरफ्तार किया। जैत थाना क्षेत्र में महिलाओं से छिनैती करने वाले बाइक सवार बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ हुई। इसमें एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। त्योहारों पर श्रद्धालुओं की भीड़, वीआईपी दौरों और संवेदनशील सुरक्षा चुनौतियों के बीच पुलिस ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई जारी रखी।

मामूली टक्कर के विवाद में युवक का डंडे से फोड़ा सिर

ई-रिक्शा से टक्कर लगने पर हुआ विवाद, गाली-गलौज के बाद हमले का आरोप

यूनिक समय, वृंदावन। रास्ते में ई-रिक्शा से मामूली टक्कर लगने के विवाद में एक युवक पर डंडे से हमला कर सिर फोड़ने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

गौरानगर निवासी अंकुर चौधरी ने पुलिस को बताया कि 24 नवंबर की दोपहर वह पानीघाट चौराहे से चार संप्रदाय आश्रम के पास स्थित अपने घर जा रहे थे। राजेंद्र दास की गौशाला के पास उनकी टक्कर दिव्यांग व्यक्ति द्वारा चलाए जा रहे ई-रिक्शा से हो गई। इस पर उन्होंने रिक्शा धीरे चलाने की बात कही। आरोप है कि इसी दौरान कमलेश भारती ने उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी देते हुए उनके सिर पर डंडे से प्रहार कर दिया। हमले में उनका सिर फट गया और खून बहने लगा। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह उन्हें बचाया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शादी से लौट रहे युवकों की स्कार्पियो गड्ढे में पलटी, छह लोग घायल

यूनिक समय, मथुरा। शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे छह युवकों की स्कार्पियो अनियंत्रित होकर राधा–रानी कट के समीप सड़क किनारे गहरे गड्ढे में जा गिरी और पलट गई। हादसे में कार सवार सभी युवक घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से कार में फंसे घायलों को बाहर निकलवाया और एंबुलेंस से संयुक्त जिला चिकित्सालय वृंदावन पहुंचाया। पुलिस ने क्रेन की मदद से स्कार्पियो को भी गड्ढे से बाहर निकलवाया।

जानकारी के अनुसार, थाना राया क्षेत्र के नगला चेता निवासी लोकेश, कन्हा, अजय, भूपेंद्र, विपिन और पवन स्कार्पियो से गांव डांगोली में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने गए थे। समारोह से सभी युवक सोमवार रात करीब 12 बजे गांव लौट रहे थे। पानीगांव रोड पर राधा-रानी कट के समीप अचानक चालक का वाहन से नियंत्रण हट गया। तेज रफ्तार स्कार्पियो सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरी और पलट गई।

हादसे के बाद कार में फंसे युवकों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन कार पलटने के कारण युवकों को बाहर निकालने में मुश्किल हो रही थी। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को बाहर निकलवाकर अस्पताल भिजवाया। बाद में क्रेन मंगवाकर गड्ढे में पलटी स्कार्पियो को भी बाहर निकलवाया।



हादसे के बाद गड्ढे में पलटी गाड़ी, दो घायल युवक।

राधा–रानी कट के समीप हुआ हादसा पुलिस ने एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया

क्रेन से निकलवाई कार, हादसा होते ही मच गई चीख–पुकार



जेवर चमकाने के बहाने वृद्धा के 10 ग्राम के सोने के टॉप्स ठगे



सफाई का झांसा देकर ठगों ने बदले में थमाई पत्थरों की पुड़िया

सीसीटीवी फुटेज से पहचान की मांग

यूनिक समय, कोसीकलां। गांव गुहेता दस बिसा में शातिर ठगों ने जेवर साफ करने का झांसा देकर 75 वर्षीय वृद्धा के कानों से 10 ग्राम वजन के सोने के टॉप्स पार कर दिए। ठगों ने असली सोने के टॉप्स के स्थान पर कागज की पुड़िया में पत्थर रखकर वृद्धा को थमा दिए और मौके से फरार हो गए। कुछ देर बाद पुड़िया खोलने पर ठगी का पता चला। पीड़िता ने पुलिस से शिकायत कर आरोपियों की गिरफ्तारी और जेवर बरामद कराने की गुहार लगाई है।

जानकारी के अनुसार, गांव गुहेता दस बिसा निवासी बदन सिंह की पत्नी रामूर्ति (75) घर पर अकेली थीं। इसी दौरान दो युवक उनके घर पहुंच गए। दोनों ने जेवर साफ करने का झांसा देकर वृद्धा को अपनी बातों में उलझा लिया। आरोप है कि युवकों ने उनके कानों में पहने सोने के टॉप्स उतरवाए और उन्हें साफ करने का नाटक करने लगे। इसी बीच शातिराना अंदाज में दोनों ने असली टॉप्स अपने पास रख लिए और कागज की पुड़िया में पत्थर रखकर वृद्धा को थमा दिए।

इसके बाद दोनों युवक वहां से चले गए। कुछ देर बाद वृद्धा को शक हुआ तो उन्होंने पुड़िया खोलकर देखी। उसमें सोने के टॉप्स की जगह पत्थर देखकर उनके होश उड़ गए। उन्होंने शोर मचाया तो आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। वृद्धा ने स्थानीय लोगों को पूरी घटना बताई।

पीड़िता ने ग्रामीणों के साथ पुलिस से शिकायत कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने और ठगों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने की मांग की है। घटना के बाद गांव में इस तरह की ठगी को लेकर लोगों में चिंता है।

सीडीओ की गाड़ी के आगे बैठे किसान,उठाई जांच की मांग



बुधवार को राजीव भवन में सीडीओ की गाड़ी के आगे बैठे किसान।

यूनिक समय, मथुरा। सिंचाई बंघु की बैठक से आए किसानों ने फर्जी पशु टीकाकरण का आरोप लगाते हुए सीडीओ की गाड़ी का रास्ता रोक लिया। पशु टीकाकरण की जांच नहीं कराए जाने की बात कहते हुए किसान गाड़ी के आगे बैठ गए। सीडीओ ने मामले में जल्द कार्रवाई की बात कही तो किसान हट गए। किसानों ने प्रकरण की जांच नहीं होने पर 15 दिसंबर को राजीव भवन के घेराव की चेतावनी दी।

भाकियू अराजनीतिक के मंडल अध्यक्ष राजकुमार तोमर ने बताया कि वह छह महीने से डीएम और सीडीओ को लिख कर दे रहे हैं कि पूरे जिले में

किसानों की मांग पर सीडीओ ने दिया आश्वासन

कहीं भी पशुओं का टीकाकरण नहीं किया गया है। आयुक्त कह रहे हैं कि हमने पूरी दी, टीकाकरण भी पूरा हो गया है। सीडीओ इस प्रकरण में बात नहीं करतीं हैं।

आज मजबूरी में हमें सीडीओ की गाड़ी के सामने बैठना पड़ा, न्याय हमें आखिर कौन देगा। पशु पालन विभाग में टीकाकरण के नाम पर करोड़ो रुपये का घोटाला हुआ है। किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि अगर टीकाकरण प्रकरण में ऐसा ही रवैया रहा और कोई कार्रवाई नहीं हुई तो किसान 15 दिसंबर को राजीव भवन का घेराव करेंगे।

सीडीओ डॉ. पूजा गुप्ता ने गुरुवार को बैठक बुलाने का आश्वासन दिया।

लाठी–डंडों से हमला कर दो लोगों को किया घायल, मुकदमा दर्ज

यूनिक समय, मथुरा। छाता थाना क्षेत्र के गांव नौगांव में रंजिश के चलते लाठी-डंडों से हमला कर दो लोगों को गंभीर रूप से घायल करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव नौगांव निवासी अशोक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 22 नवंबर की रात देवी सिंह शराब के नशे में उनके घर के सामने गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि इसके बाद अन्य लोग भी लाठी-डंडे लेकर पहुंच गए और हमला कर दिया। मारपीट में महेंद्र और किशन के सिर में गंभीर चोटें आईं। दोनों बेहोशी की हालत में पहुंच गए। आरोप है कि हमलावर उन्हें बेहोशी की हालत में छोड़कर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने देवी सिंह, मनीष, बुजकिशोर, रोहित, मुकेश, गीता और सुनीता के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

चाचा के घर जा रहे युवक के साथ मारपीट चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

यूनिक समय, मथुरा। छाता थाना क्षेत्र के गांव नौगांव में चाचा के घर जा रहे युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित देवी सिंह निवासी गांव नौगांव, थाना छाता, मथुरा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 22 नवंबर की रात वह अपने चाचा के घर जा रहा था। रास्ते में गांव के अशोक, महेंद्र और किशन ने उसे पकड़कर मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर उसके चाचा के लड़के बचाने पहुंचे तो आरोप है कि तीनों युवकों और उनकी मां श्यामवती ने लाठी-डंडों, सरिया और ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। घटना में सभी को चोटें आईं। पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया। पीड़ित की तहरीर पर छाता थाना पुलिस ने अशोक, महेंद्र, किशन और श्यामवती के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

चोरी के दो पर्स और चाकू समेत युवक गिरफ्तार

यूनिक समय, वृंदावन। पुलिस ने चोरी के दो पर्स, 760 रुपये नकद और अवैध चाकू के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान किशोरपुरा निवासी दीपक के रूप में हुई है।पुलिस के अनुसार, 24 नवंबर को शिवकुमार शर्मा पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त और संदिग्धों की तलाश कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक संदिग्ध युवक गंदी गली, गौतमपाड़ा की ओर जा रहा है। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। तलाशी में दो पर्स, 760 रुपये नकद, विभिन्न बैंकों के कार्ड और एक अवैध चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने पर्स चोरी करने की बात स्वीकार की। उसने बताया कि चोरी के दौरान पीछा किए जाने पर लोगों को डराने-धमकाने के लिए चाकू रखता था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की है।

यूनिक समय

स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित।

कार्यालय:- यूनिक बिल्डिंग, 289-290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा।

संपादक-पवन गौतम

फोन नंबर-0565-3550761

मो. 9837155888

E-mail : uniquesamaynews@gmail.com

website : uniquesamay.com

RNI-UPHIN/2023/85053

DAVP-: 134220

डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026–28

सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा।



बेतरतीब ई-रिक्शा संचालन से शहर में रोजाना लग रहा जाम



सवारी के इंतजार में बीच सड़क खड़े कर देते हैं वाहन

बिना नंबर प्लेट और ओवरलोडिंग से भी बढ़ रही परेशानी

यूनिक समय, मथुरा। शहर की सड़कों पर ई-रिक्शाओं की लगातार बढ़ती संख्या अब यातायात व्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती बनती जा रही है। मंडी चौराहा हो या बाजारों के आसपास के संकरे रास्ते, दिनभर में कई बार जाम के हालात बन रहे हैं। सवारी की तलाश में ई-रिक्शा चालक सड़क किनारे ही नहीं, बल्कि बीच रास्ते में वाहन खड़ा कर देते हैं। इससे पीछे आने वाले वाहनों के पहिए थम जाते हैं और देखते ही देखते लंबी कतार लग जाती है। राहगीरों और वाहन चालकों को रोजाना इस अव्यवस्था से जूझना पड़ रहा है।

मथुरा के साथ वृंदावन में भी ई-रिक्शाओं की बेतरतीब आवाजाही लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई है। बाजारों में एक साथ बड़ी संख्या में ई-रिक्शा पहुंचने से रास्ते संकरे पड़ जाते हैं। हालात यह हैं कि पैदल निकलना तक मुश्किल हो जाता है। दूसरी ओर बिना नंबर प्लेट, क्षमता से अधिक सवारियां बैठाने और फर्जी रूट नंबर के साथ ई-रिक्शा संचालन के मामले भी सामने आ रहे हैं।

वैसे, ई-रिक्शाओं की मनमानी पर अंकुश लगाने के लिए यातायात पुलिस ने कार्रवाई भी शुरू की है। डीग गेट क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाकर ओवरलोड और बिना नंबर प्लेट वाले ई-रिक्शाओं के चालान किए गए। वृंदावन में जांच के दौरान फर्जी रूट नंबर और पंजीकरण से जुड़े मामलों में कार्रवाई की गई। नंदन कट के समीप एक ई-रिक्शा चालक की गिरफ्तारी भी हुई। उस पर पुलिस से अभद्रता और सरकारी कार्य में बाधा डालने का आरोप है।

जाम से निजात दिलाने के लिए मथुरा-वृंदावन में ई-रिक्शाओं के संचालन के लिए रूट निर्धारित करने की व्यवस्था लागू हो चुकी है। नियमों का उल्लंघन करने पर 20 हजार रुपये तक जुर्माने का प्रावधान भी बताया जा रहा है।

हालांकि, ई-रिक्शाओं की समस्या का दूसरा पहलू भी है। शहर में बड़ी संख्या में लोग रोजाना आवागमन के लिए इन पर निर्भर हैं। वहीं हजारों चालकों की रोजी-रोटी भी इसी कारोबार से जुड़ी है। ऐसे में चुनौती ई-रिक्शाओं को बंद करने की नहीं, बल्कि उनके संचालन को व्यवस्थित करने की है। निर्धारित रूट, तय पार्किंग स्थल, सवारी उतारने-बिठाने के स्थान और नियमित चेकिंग से ही जाम पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। सवाल यह है कि नियमों का पालन कराने के लिए प्रशासन कितनी गंभीरता से व्यवस्था लागू करता है।



दिन में गोवंश, रात में जंगली सूअर उजाड़ रहे किसानों के खेत



गेहूं के खेत को उजाड़ते बेसहारा गोवंश।

यूनिक समय, मथुरा। दिन में बेसहारा गोवंश और रात में जंगली सूअर किसानों की फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। खेतों में खड़ी गेहूं, सरसों और आलू की फसल को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचने से किसान परेशान हैं। भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) ने समस्या का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

संगठन के मंडल अध्यक्ष-प्रदेश प्रवक्ता रामवीर सिंह तोमर ने कहा कि महंगे बीज, खाद, डीजल और कीटनाशकों के चलते खेती की लागत लगातार बढ़ रही है। ऐसे में बेसहारा गोवंश और जंगली सूअर किसानों की खून-पसीने की कमाई को बर्बाद कर रहे हैं।

भाकियू के जिला अध्यक्ष सोनवीर चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष राजवीर सिंह, प्रदेश सचिव सतीश चंद्र और युवा प्रकोष्ठ

भाकियू चढूनी ने अधिकारियों पर लगाया लापरवाही का आरोप

के मंडल अध्यक्ष तुलसी दास ने जिम्मेदार अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना है कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के बावजूद निराश्रित गोवंश को पकड़कर गोशालाओं में भेजने की दिशा में प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है। संगठन ने चेतावनी दी कि जल्द समाधान नहीं हुआ तो किसान धरना-प्रदर्शन करेंगे।

ओमवीर, भूले सिंह, अशोक, प्रताप सिंह, रवि सिकरवार, नेत्रपाल बोहरे, हरिपाल सिंह परिहार, हरिओम सिंह, जयपाल सिंह चौधरी, नवल सिंह, सत्यवीर सिंह और भुल्ली सिंह ने मुख्यमंत्री से अभियान चलाकर निराश्रित गोवंश और जंगली सूअरों को पकड़वाने की मांग की है।

कोसीकलां पहुंची गोरे दाऊ जी की 84 कोस पदयात्रा

यूनिक समय, कोसीकलां। श्रीधाम वृंदावन से शुरू हुई गोरे दाऊजी की प्रसिद्ध 84 कोस पदयात्रा मंगलवार को कोसीकलां पहुंची। पदयात्रा के आगमन पर जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया और पदयात्रियों की सेवा की। कोसीकलां के बाहरी मैदान में पदयात्रियों के ठहरने के लिए अस्थायी टेंट सिटी बसाई गई है। यहां सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालु पंक्तिबद्ध बैठकर प्रसाद ग्रहण करते नजर आए। सेवादार बाल्टियों से दाल-सब्जी परोसकर सेवा में जुटे रहे। स्थानीय लोगों ने भी पदयात्रियों के भोजन और अन्य व्यवस्थाओं में सहयोग किया।पदयात्रा का नेतृत्व कर रहे गोरे दाऊजी ने बताया कि ब्रज के 84 कोस की परिक्रमा के उद्देश्य से यह पदयात्रा निकाली जा रही है।

एडीएम और एसपी सिटी ने देखे इंतजाम

कार्यक्रम और अतिथियों की ली जानकारी, डेढ़ सौ बसों से आएंगे विद्यार्थी



गौ ग्राम परखम में होने वाले कार्यक्रम की जानकारी करते एडीएम अमरेश कुमार और एसपी सिटी राजीव कुमार।

यूनिक समय, मथुरा। 28 नवंबर को गौ ग्राम परखम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय मंत्री, राज्य सरकार के मंत्रियों के साथ संघ के पदाधिकारियों के आगमन को लेकर बुधवार को प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने इंतजाम देखे और समिति पदाधिकारियों से कार्यक्रम को लेकर बात की। दोपहर को गौ ग्राम आए एडीएम अमरेश कुमार और एसपी सिटी राजीव कुमार ने दीनदयाल कामधेनु गौशाला समिति के मंत्री हरिशंकर शर्मा से कार्यक्रम और व्यवस्थाओं पर बात की।

अधिकारियों को सीएम और अन्य वीआइपी के आने और ठहरने की व्यवस्था के बारे में बताया गया। पदाधिकारियों ने बताया कि करीब डेढ़ सौ बसों से आयुष विवि के छात्र और छात्राएं आएंगे। पदाधिकारियों ने बताया कि सभी वाहनों के लिए मार्ग निर्धारित किया गया है, सभी के ठहरने के लिए कक्ष भी तय किए गए हैं। मिनट- टू- मिनट कार्यक्रम तैयार किया गया है। मुख्य कार्यक्रम के लिए बड़ा पांडाल भी तैयार किया जा रहा है। सीएम और अन्य वीआइपी सुबह 11 बजे गौशाला आएंगे।



सैनी-कुशवाहा समाज ने मृत्यु भोज पर प्रतिबंध का लिया फैसला

धौलीप्याऊ की बैठक में सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ उठी आवाज

शोकाकुल परिवार ने मृत्यु भोज न करने का लिया संकल्प



मृत्यु भोज नहीं कराने पर विमर्श करते सैनी-कुशवाहा समाज के लोग।

यूनिक समय, मथुरा। समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने और सामाजिक सुधार की दिशा में धौलीप्याऊ में सैनी-कुशवाहा समाज की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इसमें सर्वसम्मति से मृत्यु भोज जैसी कुप्रथा पर प्रतिबंध लगाने और समाज में जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता पूरन चंद सैनी ने की, जबकि संचालन जिला सैनी सभा के संरक्षक बुद्धि लाल सैनी ने किया।

बैठक में समाज के वरिष्ठ नागरिकों, बुद्धिजीवियों और युवाओं ने मृत्यु भोज को गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ बताया। कछावा कुशवाहा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष नूर सिंह कुशवाहा ने कहा कि परिवार पहले से ही अपनों को खोने के दुख में होता है। ऐसे समय में उस पर मृत्यु भोज का आर्थिक दबाव डालना उचित नहीं है। समाज को एकजुट होकर इस कुप्रथा को समाप्त करना चाहिए।

बैठक के फैसले की पहली मिसाल हनुमान नगर में देखने को मिली। यहां निवासी रमेश सैनी (पीडब्ल्यूडी वाले) की पत्नी का हाल ही में निधन हो गया था। समाज के लोगों ने उनके घर पहुंचकर मृत्यु भोज नहीं करने की अपील की। शोकाकुल परिवार ने सामाजिक हित में इस अपील को स्वीकार करते हुए मृत्यु भोज नहीं करने का निर्णय लिया। बैठक में उपस्थित लोगों ने तालियां बजाकर परिवार के फैसले का स्वागत किया।

महात्मा ज्योतिराव फुले विकास समिति के अध्यक्ष रमेश सैनी ने कहा कि यह फैसला आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायक बनेगा। धौलीप्याऊ सहित पूरे मथुरा क्षेत्र में मृत्यु भोज बंद कराने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

बैठक में रामबाबू सैनी, सुरेश सैनी, तेज सिंह कुशवाहा, सुरेश कुमार कुशवाह, राम अचल मौर्य, डॉ. राजकुमार सैनी, राम दयाल सैनी, संतोष सैनी, मनीष सैनी, अर्जुन सैनी, जवाहर सिंह सैनी, सुरेश चंद्र सैनी, नवल सिंह सैनी, गुलजार सिंह सैनी, रवि सैनी, कृष्णा सैनी और बृजकिशोर सैनी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

एलीट स्कूल के नन्हे खिलाड़ियों ने दिखाया खेल कौशल



वार्षिक स्पोर्ट्स मीट खेलते नन्हे खिलाड़ी।

दो दिवसीय वार्षिक स्पोर्ट्स मीट का समापन

विजेताओं को मेडल और प्रमाणपत्र देकर किया सम्मानित

यूनिक समय, मथुरा। एलीट न्यू जनरेशन इंटरनेशनल स्कूल के जूनियर विंग में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक स्पोर्ट्स मीट का उत्साह और उमंग के साथ समापन हुआ। नन्हे खिलाड़ियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा, फुर्ती और खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया।

शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन दिनेश चंद अग्रवाल और निदेशिका संगीता अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। चारों सदनों के प्रतिभागियों ने मार्च पास्ट कर विद्यालय ध्वज को सलामी दी और खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने की शपथ ली। प्रधानाचार्य अंकित खंडेलवाल ने स्पोर्ट्स मीट शुरू होने की घोषणा की।

प्रतियोगिताओं में फ्रॉग जंप, टर्टल रेस, हुला हूप रेस, 50 मीटर दौड़, हर्डल रेस, बैलेंस रेस, जैवलिन थ्रो, थ्रो बॉल और पिरामिड रेस आकर्षण का केंद्र रहीं। विद्यालय प्रबंधन ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य अंकित खंडेलवाल ने कहा कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेलों से अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ जीवनशैली का विकास होता है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में खेल विभाग का विशेष योगदान रहा। एडमिनिस्ट्रेटर मुकेश चौधरी और ओएसडी डॉ. सौरभ तिवारी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

देव दीपावली पर दीपदान कर भजन संध्या में झूमीं सदस्याएं


गरुण गोविंद देव मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में झूमतीं जायंट्स ग्रुप ऑफ बृजभूमि मथुरा की सदस्याएं।

गरुण गोविंद मंदिर में सजा दीपोत्सव, राधा कृष्ण के भजनों पर देर तक थिरके श्रद्धालु

यूनिक समय, मथुरा। जायंट्स ग्रुप ऑफ बृजभूमि मथुरा की ओर से कार्तिक पूर्णिमा- देव दीपावली पर छटीकरा स्थित गरुण गोविंद देव मंदिर प्रांगण में दीपदान, भजन संध्या और प्रसादी कार्यक्रम आयोजित किया गया। सदस्याओं ने मंदिर परिसर में दीप प्रज्ज्वलित कर रोशनी से जगमग कर दिया। दीपों की छटा के बीच भक्ति संगीत की स्वर लहरियों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया।

आशु बैंड की कलाकार तान्या शर्मा ने 'नैनन में श्याम समाय गयौ, मोहे प्रेम कौ रोग लगाए गयौ' और 'राधिका गोरी ते बिरज की छोरी ते, मैया कराय दै मेरौ ब्याह' जैसे भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों की धुन पर अर्चना अग्रवाल, रेनू चावला, नीता मित्तल, बबिता जैन, संगीता सिंघल, अंतिमा गर्ग, गरिमा साहू और चारु अग्रवाल सहित अन्य सदस्याएं खुद को थिरकने से नहीं रोक सकीं।

कलाकार सोनू शर्मा ने 'बांके बिहारी कजरारे तेरे मोटे-मोटे नैन, नजर ना लग जाए' सहित अन्य भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। प्रसादी में दाल-बाटी, लड्डू, खीर और रायता परोसा गया। 31 ब्राह्मणों को भोजन कराने के बाद अध्यक्ष दिनेशचंद्र अग्रवाल और पूर्व अध्यक्ष जगदीश चावला ने दक्षिणा भेंट की।

प्रशासनिक निदेशक संजीव जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष राजेश मित्तल, बृजेश सिंघल, बृजभूषण कालरा, अनिल शर्मा एडवोकेट, भूपेंद्र अग्रवाल, आशीष साहू, शकुल मित्तल, रमनलाल गुप्ता, दुष्यंत अग्रवाल, मनोज शर्मा, पुनीत गर्ग, नवीन अग्रवाल और शशि कालरा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

कृष्णचन्द्र गांधी के आदर्शों से राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा लें विद्यार्थी


मल्लखम प्रतियोगिता में प्रदर्शन करते विद्यार्थी।

स्मृति दिवस पर श्रद्धांजलि सभा मेधावी छात्र-अभिभावक सम्मानित

यूनिक समय, मथुरा। कृष्णचन्द्र गांधी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, माधवकुंज में कृष्णचन्द्र गांधी के स्मृति दिवस पर श्रद्धांजलि सभा-मेधावी छात्र-अभिभावक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता पूर्व सदस्य माध्यमिक शिक्षा चयन बोर्ड डॉ. रोशन लाल, मुख्य अतिथि आरसीए डिग्री कॉलेज की प्राचार्य अंजूबाला, अध्यक्ष लोकतंत्र सेनानी विनोद टेटीवाल, प्रबंध समिति अध्यक्ष डॉ. गुलशन कुमार, कोषाध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल और प्रधानाचार्य विनय कुमार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

डॉ. रोशन लाल ने कहा कि कृष्णचन्द्र गांधी का जीवन शिक्षा, संस्कार, समर्पण और राष्ट्रसेवा की प्रेरणादायी गाथा है। सत्र 2025-26 के कक्षा 10 और 12 के मेधावी विद्यार्थियों-अभिभावकों को सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों ने श्रद्धांजलि गीत और मलखम्भ का प्रदर्शन किया। विनोद टेटीवाल ने भी विचार रखे। उपप्रधानाचार्य राजीव पाठक ने अतिथियों का परिचय कराया। प्रधानाचार्य विनय कुमार सिंह ने आभार जताया।

कार्यक्रम में सचिन, ओमप्रकाश बंसल, अशोक कुमार शर्मा, डॉ. रामसेवक, नेत्रपाल यादव, अनिल, हरिप्रकाश, केशव सिंह, उमेश शर्मा, नरेंद्र कुमार, लोकेश अग्रवाल, सीताराम बघेल, सुरेश कुमार, मुनेश अग्रवाल, जगवीर सिंह, टीकाराम, रविन्द्र प्रताप, विजयपाल, रघुराज सिंह, निधीश अग्रवाल, प्रखर, डॉ. दीप्ति तिवारी, पिंकी रानी, हेमंत, हितेश कुमार और बलराम शर्मा सहित शिक्षक-अभिभावक उपस्थित रहे।

स्कूल में पढ़ाई का पाठ शौचालयों में गंदगी का अंबार


प्राथमिक स्कूल का बदहाल शौचालय।

110 बच्चों पर पांच शिक्षक, पानी तक को तरस रहे विद्यार्थी

यूनिक समय, वृंदावन। सरकारी विद्यालयों में बच्चों को शिक्षा के साथ स्वच्छता का पाठ भी पढ़ाया जाता है, लेकिन केशवधाम स्थित बेसिक के विद्यालय में बुनियादी सुविधाओं की हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। यहां पढ़ाई तो चल रही है, मगर शौचालयों की बदहाली ने विद्यार्थियों और शिक्षकों की मुश्किलें बढ़ा रखी हैं। हालात यह हैं कि वॉशरूम में पानी तक की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है और गंदगी के चलते उनका इस्तेमाल करना भी मुश्किल हो रहा है।

कक्षा एक से पांच तक संचालित इस विद्यालय में पांच शिक्षक करीब 110 बच्चों को पढ़ा रहे हैं। छोटे-छोटे बच्चों को शौचालय जाने पर पानी की समस्या से जूझना पड़ता है। नियमित सफाई नहीं होने से गंदगी पसरी रहती है। यही परेशानी शिक्षकों को भी उठानी पड़ रही है। सवाल यह है कि जब विद्यालयों में स्वच्छता और साफ-सफाई पर जोर दिया जा रहा है तो यहां बुनियादी सुविधा की अनदेखी क्यों हो रही है? छोटे बच्चों के स्वास्थ्य और स्वच्छता से जुड़ी इस समस्या पर जिम्मेदारों की चुप्पी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही है। विद्यालय में तत्काल सफाई, पर्याप्त पानी और शौचालयों की मरम्मत की जरूरत है। विद्यार्थियों का कहना है कि स्कूल में शौचालय नहीं होने से उनको काफी परेशानी होती है। शिक्षक इस समस्या को बताने से कतराते रहे।

पढ़िए वो जो पढ़ना चाहिए
यूनिक समय
www.uniquesamay.com


फ्रेशर पार्टी सेलेस्टिया-2026 में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देतीं मेडिकल छात्राएं

फ्रेशर पार्टी में मेडिकल विद्यार्थियों ने जमाई रंगारंग महफिल


फ्रेशर पार्टी सेलेस्टिया-2026 के शुभारंभ पर मां सरस्वती के चित्र के समक्ष उपस्थित अतिथि।

केडी मेडिकल कॉलेज की फ्रेशर्स पार्टी में अनुशासन समर्पण और सेवा का संदेश, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

यूनिक समय, मथुरा। केडी विश्वविद्यालय के चिकित्सा शिक्षा संस्थान केडी मेडिकल कॉलेज-हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में नवप्रवेशी एमबीबीएस विद्यार्थियों के स्वागत में फ्रेशर्स पार्टी 'सेलेस्टिया-2026' का आयोजन किया गया। समारोह में जहां छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांधा, वहीं वरिष्ठ शिक्षाविदों ने उन्हें चिकित्सा पेशे की गरिमा, अनुशासन और मानव सेवा का महत्व समझाया।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर मनोज अग्रवाल, सीईओ अरुण अग्रवाल, डीन-प्राचार्य डॉ. आरके अशोका, उप-प्राचार्य डॉ. गगनदीप कौर, डॉ. बीपी पांडेय, डॉ. अम्बरीश कुमार और डॉ. अमनजोत कौर चौहान ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

प्रो-चांसलर मनोज अग्रवाल ने कहा कि चिकित्सा का पेशा केवल डिग्री और आजीविका तक सीमित नहीं है, बल्कि मानवता की सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम है। अच्छे चिकित्सक की पहचान उसके ज्ञान के साथ संवेदनशीलता, करुणा और मरीजों के प्रति समर्पण से होती है। सीईओ अरुण अग्रवाल ने अनुशासन और समयबद्धता को सफलता की पहली सीढ़ी बताते हुए नियमित अध्ययन, कठिन परिश्रम और निरंतर अभ्यास पर जोर दिया।

डीन-प्राचार्य डॉ. आरके अशोका ने कहा कि डॉक्टर बनने के लिए किताबी ज्ञान के साथ व्यावहारिक दक्षता और मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार जरूरी है। उप-प्राचार्य डॉ. गगनदीप कौर ने विद्यार्थियों को धैर्य, आत्मविश्वास और टीम भावना के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। डॉ. बीपी पांडेय ने चिकित्सा पेशे में ईमानदारी, नैतिकता और सेवा भावना को सर्वोपरि बताया।

समारोह में 2026 बैच के विद्यार्थियों ने नृत्य, गायन, समूह नृत्य और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। बॉलीवुड गीतों की धुन पर विद्यार्थियों ने जमकर ठुमके लगाए। एकल नृत्य और गायन की प्रस्तुतियों को भी खूब सराहना मिली। रंग-बिरंगी रोशनी और उत्साह से भरे माहौल में वरिष्ठ विद्यार्थियों और शिक्षकों ने नवागंतुकों का उत्साह बढ़ाया। प्रतियोगिताओं के परिणामों में कमाक्षी को मिस फ्रेशर, वैभवी को मिस इवनिंग और मिस टैलेंट का खिताब दिया को प्रदान किया गया। वहीं आदित्य सिंह मिस्टर फ्रेशर, निश्चल मिस्टर टैलेंट और कविन लता मिस्टर इवनिंग चुने गए। अतिथियों ने विजेताओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अमनजोत कौर चौहान और डॉ. अभि भूषण मिश्रा ने अतिथियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

हाइवे निवासी चिंटा का निकला बोरे में बंद मिला शव

मजदूरी पर जाने की बात कहकर घर से निकला था चिंटा,पिता ने रंजिश से किया इनकार

यूनिक समय, मथुरा। हाईवे थाना क्षेत्र स्थित ट्रांसपोर्ट नगर के डम्पिंग ग्राउंड में बोरे के अंदर मिले अज्ञात शव की पहचान हो गई है। मृतक की पहचान अजय नगर थाना हाईवे निवासी 25 वर्षीय चिंटा के रूप में हुई है। शव की शिनाख्त होने के बाद परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। हालांकि, उन्होंने किसी से रंजिश होने की बात से इनकार किया है।

शव की पहचान पिता बिरजो ने पोस्टमार्टम गृह पहुंच कर की। पिता ने बताया कि सोमवार की सुबह चिंटा घर से मजदूरी पर जाने की बात कहकर निकला था। इसके बाद वह घर नहीं लौटा। उधर, हाईवे थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित डम्पिंग ग्राउंड में एक बोरे के अंदर शव मिलने से सनसनी फैल गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त कराने के प्रयास शुरू किए थे।

शुरुआत में शव की पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस ने जब मृतक के कपड़ों की तलाशी ली तो उसकी जेब से हलवाई का एक कार्ड मिला। इसी कार्ड के आधार पर पुलिस मृतक के घर पहुंची।

शव की पहचान चिंटा के रूप में होते ही परिवार के लोगों में चीख-पुकार मच गई। पिता ने बताया कि चिंटा सोमवार सुबह काम पर जाने की बात कहकर निकला था। पिता ने उसकी हत्या किए जाने का शक जाहिर किया है। हालांकि, उन्होंने किसी से दुश्मनी या रंजिश होने से इनकार किया है। शव की पहचान के बाद पुलिस हत्यारों का सुराग तलाशने में जुटी है।

कनपटी पर प्रहार कर की गई हत्या


चिंटा की हत्या उसकी दाहिनी कनपटी पर किसी भारी वस्तु का प्रहार कर की गई। इसका पता पोस्टमार्टम में चला, जिसमें उसकी कनपटी पर चोट का गहरा निशान मिला, जो उसकी मौत का कारण बना।

हलवाई ने कर दिया था इनकार

शव के कपड़ों की तलाशी ली तो उसके पास से गोवर्धन चौराहे पर हलवाई की दुकान करने वाले का कार्ड मिला। पुलिस ने हलवाई को चिंटा का फोटो दिखाया तो उसने उसे पहचानने से इनकार कर दिया था। पिता बिरजो ने बताया कि पुलिस ने हलवाई से जब सख्ती से पूछताछ की तो उसने पुलिस को चिंटा के बारे में जानकारी दी। पिता ने बताया कि बुधवार सुबह करीब 10:30 बजे थाने से उनके पास फोन पहुंचा। वह तुरंत ही थाने पहुंचे और फोटो देख कर शव की पहचान चिंटा के रूप में की। पिता ने बताया कि चिंटा सहालग के समय हलवाई का काम करता था। सामान्य दिनों में वह मंडी चौराहे पर लगने वाली मजदूरों की मंडी में काम की तलाश में चला जाता था।

हत्या के खुलासे को सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

बोरे में मिले शव की पहचान चिंटा के रूप में हो जाने के बाद हाईवे थाना पुलिस हत्या की वजह और हत्यारों की तलाश में जुट गई है। पुलिस ट्रांसपोर्ट नगर, मंडी चौराह के बीच लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। सूत्रों की मानें तो पुलिस ने शक के आधार पर कबाड़ का काम करने वाले युवक सहित कई लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस का दावा है कि शीघ्र ही चिंटा की हत्या का खुलासा किया जाएगा।



सरकारी चकमार्ग और हड़वार की जमीन पर कॉलोनी काटने का आरोप

ग्रामीणों ने एसडीएम से की शिकायत, राजस्व टीम से पैमाइश कराने की मांग

यूनिक समय, शेरगढ़। कस्बा शेरगढ़ बांगर में पीरपुर रोड पर सरकारी चकमार्ग और हड़वार की जमीन पर कब्जा कर कॉलोनी विकसित करने का आरोप लगा है। मामले में ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी छाता को प्रार्थना पत्र देकर निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों का आरोप है कि पीरपुर चौराहे से प्रमोद पायला के फार्म हाउस तक विकसित की जा रही कॉलोनी की प्लॉटिंग में सरकारी चकमार्ग और हड़वार की भूमि भी शामिल की जा रही है। इससे ग्रामीणों के सार्वजनिक रास्ते प्रभावित होने की आशंका है। आरोप है कि कॉलोनी विकसित करने वाले लोगों की दबंगई के चलते ग्रामीण शिकायत करने से भी कतराते हैं।

ग्रामीणों ने एसडीएम से राजस्व विभाग की टीम गठित कर मौके पर स्थलीय निरीक्षण और सरकारी भूमि की पैमाइश कराने की मांग की है। साथ ही कथित अवैध कब्जे हटवाकर दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई करने की अपील की है।

56 रुपये प्रीमियम पर मिलेगा तीन लाख का दुर्घटना बीमा

सहकारी समितियों की बैठक में योजनाओं की जानकारी, एसआईआर में छूटे मतदाताओं को जोड़ने पर जोर

यूनिक समय, मथुरा। जिला सहकारी बैंक लिमिटेड के अध्यक्ष निरंजन सिंह धनगर की अध्यक्षता में बल्देव विधानसभा क्षेत्र की सहकारी समितियों-संघों के अध्यक्षों और संचालकों की बैठक हुई। इसमें सहकारिता विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।

निरंजन सिंह धनगर ने बताया कि समितियों से जुड़े ऋणी सदस्यों को मात्र 56 रुपये प्रीमियम जमा करने पर तीन लाख रुपये का दुर्घटना बीमा मिलेगा। दुग्ध सहकारी समितियों के सदस्यों के खाते जिला सहकारी बैंक की शाखाओं में खुलवाने के लिए भी संचालकों से सहयोग मांगा गया।

उन्होंने विधानसभा निर्वाचन 2027 के मद्देनजर एसआईआर प्रक्रिया के तहत मतदाता सूची में छूटे पात्र मतदाताओं को शामिल कराने पर जोर दिया।

कहा कि कोई भी बालिग मतदाता सूची से वंचित नहीं रहना चाहिए। जिला सहकारी संघ अध्यक्ष सुल्तान सिंह ने भी इस अभियान में सहयोग की अपील की।

बैठक में बल्देव विधानसभा संयोजक एवं बैंक संचालक निहाल सिंह आर्य, सहसंयोजक महेश सिकरवार, तहसील महावन और सदर की सहकारी समितियों के अध्यक्ष-संचालक मौजूद रहे।

कोसी में विहिप ने शुरू किया हिंदू जोड़ो अभियान, लक्ष्य–10 हजार परिवार

यूनिक समय, कोसीकलां। विश्व हिंदू परिषद ने हिंदू समाज को एक सूत्र में पिरोने के लिए बड़े अभियान का शंखनाद कर दिया है। नगर के कमला नगर स्थित बांके बिहारी मंदिर परिसर में मंगलवार को हितचिंतक महाअभियान की शुरुआत हुई।

अभियान का आगाज सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ से हुआ। विहिप के जिला शताब्दी विस्तारक शिवांग गुप्ता ने भगवान श्रीराम और भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। शिवांग गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह अभियान महज फॉर्म भरने का कार्यक्रम नहीं है। इसका उद्देश्य सेवा, सुरक्षा और संस्कार के मूल मंत्र के साथ हिंदू समाज में आत्मगौरव जगाना है। मठ-मंदिरों की सुरक्षा, गौ-संवर्धन और सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए हर हिंदू को संगठन से जोड़ना ही हमारा लक्ष्य है। यह अभियान प्रत्येक तीन वर्ष में चलाया जाता है।

संगठन ने कोसी जिले के लिए 10 हजार हिंदू परिवारों को हितचिंतक बनाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए बजरंग दल और विहिप के कार्यकर्ता टोलियां बनाकर घर-घर, गली-मोहल्लों, गांव-देहात और बाजारों में जनसंपर्क करेंगे। वहीं गोवर्धन और बरसाना में परिक्रमा मार्ग पर विशेष कैंप लगाकर श्रद्धालुओं को भी इस अभियान से जोड़ा जाएगा।

नगर मंत्री लोकेश नौहवार और प्रखंड संयोजक नितिन तोमर ने कहा कि सभी कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा के साथ इस महायज्ञ में जुटें। इस मौके पर आरएसएस के बाल गोकुलम प्रमुख मुकेश वैष्णव, साप्ताहिक मिलन प्रमुख शिवम पंडित, कपिल वैष्णव, तुषार, अंशुल, निखिल चौधरी, गौरव, भानु, अभिषेक समेत बड़ी संख्या में बजरंगी मौजूद रहे।

टैंक चौराहे पर ट्रैक्टर ने टेंपो में मारी टक्कर, दो भाई घायल

टेंपो को टक्कर मारने के बाद सीआरपीएफ की बस से भिड़ा ट्रैक्टर चालक पकड़ा


यूनिक समय, मथुरा। थाना सदर बाजार क्षेत्र के टैंक चौराहे के समीप तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने आगे चल रहे टेंपो में जोरदार टक्कर मार दी। टेंपो को टक्कर मारने के बाद ट्रैक्टर सामने से आ रही सीआरपीएफ की बस से जा भिड़ा। हादसे में टेंपो सवार दो भाई घायल हो गए। इनमें एक की हालत गंभीर बताई गई है।

थाना यमुनापार के गांव नगला जामुन, पानीगांव निवासी आजाद अपने भाइयों वीनू, मनोज, राकेश और रामजीत के साथ मुकदमे की तारीख करने कोर्ट आया था। तारीख के बाद पांचों भाई टेंपो से गांव लौट रहे थे। टेंपो आजाद चला रहा था। टैंक चौराहे के पास पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने टेंपो में टक्कर मार दी। इसके बाद ट्रैक्टर सीआरपीएफ की बस से टकरा गया। हादसे में आजाद और वीनू घायल हो गए। बस का अगला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया।

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सीआरपीएफ के जवानों ने ट्रैक्टर चालक को पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया और चालक को हिरासत में लेकर थाने ले गई।

एमडी जैन स्कूल में बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन





अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते स्कूल परिवार के सदस्य।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति आधारित प्रस्तुति देते विद्यार्थी

यूनिक समय, कोसीकलां। श्री जैन शिक्षा सोसायटी द्वारा संचालित एमडी जैन पब्लिक स्कूल और एमडी जैन प्री सेकेंडरी स्कूल का वार्षिक उत्सव आभा-2 बुधवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

विद्यालय परिसर ओल्ड जीटी रोड, मभाई में आयोजित कार्यक्रम का विषय नवीन ऊर्जा का संचार रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संस्कृति विश्वविद्यालय, छाता के कुलाधिपति डॉ. सचिन गुप्ता और विशिष्ट अतिथि पीसीजे ग्रुप दिल्ली के एमडी पीसी जैन रहे।

मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके बाद नन्हे–मुन्ने बच्चों ने स्वागत गीत, समूह नृत्य, देशभक्ति नाटक और राजस्थानी, हरियाणवी लोकनृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। मुख्य अतिथि डॉ. सचिन गुप्ता ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास और संस्कार पैदा करते हैं। विशिष्ट अतिथि पीसी जैन ने विद्यालय की 1839 से चली आ रही शैक्षिक विरासत की सराहना की। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष सुभाष चंद जैन लोहा वाले, प्रबंधक कैलाश चंद जैन चंदौरिया, प्रधानाचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार शर्मा, विजय कुमार जैन सर्राफ, राजेंद्र कुमार जैन किताब वाले सहित समस्त कमेटी मौजूद रही।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर ने कार्यकर्ताओं और आमजन से की पहुंचने की अपील

यूनिक समय, मथुरा। संविधान दिवस के अवसर पर 26 नवंबर को लखनऊ में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से संविधान रक्षा यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा में शामिल होने के लिए मथुरा के कांग्रेसियों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर ने कार्यकर्ताओं सहित सामाजिक संगठनों, युवाओं और संविधान में आस्था रखने वाले लोगों से यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है। जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार देश के संविधान पर सबसे बड़ा खतरा मंडरा रहा है। संविधान और लोकतंत्र की बुनियाद एक वोट है। वोट का अधिकार छीनना संविधान और लोकतंत्र को कमजोर करने जैसा है। उन्होंने बताया कि यात्रा 26 नवंबर को नेहरू भवन स्थित गांधी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर शुरू होगी। इसके बाद यात्रा एनेक्सी भवन होते हुए हजरतगंज पहुंचेगी, जहां डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर समापन किया जाएगा। धनगर ने बताया कि यात्रा में सिविल सोसाइटी, सामाजिक संगठनों, युवाओं और संविधान में आस्था रखने वाले सभी लोगों को आमंत्रित किया गया है।

सुविचार

मन साफ हो तो चेहरे की चमक किसी श्रृंगार की मोहताज नहीं रहती।

कल का पंचांग

तिथि	द्वितीया	04:50-01:15 तक	पक्ष	कृष्ण पक्ष	
नक्षत्र	मृगशिरा	08:36-05:47 तक	माह	मार्गशीर्ष	
सूर्योदय		6:48 AM	चन्द्रोदय	07:08 PM	
सूर्यास्त		5:25 PM	चंद्रास्त	08:35 AM	
सूर्य राशि		वृश्चिक राशि	चंद्र	वृष राशि	
शुभ मुहूर्त		11:19AM –12:02 PM	ब्रहम् मुहूर्त	05:01-05:54	
त्योहार/व्रत			विक्रम संवत्	2083	
राहुकाल		01:26 PM: 02:46 PM	वार	गुरुवार	

ब्रज के मंदिरों के दर्शन



ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।

Youtube Channel : https://youtube.com/uniquesamay

आंखें हैं सभी इंद्रियों में प्रधान गिलोय को बताया अमृत समान



यूनिक समय, मथुरा। आचार्य चाणक्य की नीतियां जीवन को बेहतर ढंग से समझने और सही निर्णय लेने की सीख देती हैं। चाणक्य नीति में राजनीति, कूटनीति और व्यवहार के साथ शरीर, स्वास्थ्य और दैनिक जीवन से जुड़ी बातों का भी उल्लेख मिलता है। नीति अंगों में कौन सबसे प्रधान है। उनकी यह सीख आज भी लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है।

चाणक्य नीति के अनुसार, सभी इंद्रियों में आंखों को सबसे महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। वहीं सभी अंगों में सिर, सभी सुखों में भोजन और औषधियों में अमृता यानी गिलोय को श्रेष्ठ बताया गया है। इस श्लोक के माध्यम से आचार्य ने जीवन में इन चार चीजों की उपयोगिता समझाने का प्रयास किया है।

चाणक्य के श्लोक में अमृता को सभी औषधियों में प्रधान बताया गया है। अमृता का अर्थ गिलोय से लगाया जाता है। आयुर्वेद में भी गिलोय का पारंपरिक रूप से औषधीय उपयोग होता रहा है। हालांकि किसी बीमारी में इसके सेवन से पहले चिकित्सकीय सलाह जरूरी है। आचार्य के अनुसार सभी सुखों में भोजन का स्थान सबसे ऊपर है, क्योंकि भोजन से ही शरीर को ऊर्जा और पोषण मिलता है।

आचार्य चाणक्य ने सभी इंद्रियों में नेत्रों को प्रधान बताया है। आंखों के माध्यम से व्यक्ति अपने आसपास की दुनिया को देखता और समझता है। इसी तरह शरीर के सभी अंगों में सिर को सर्वोपरि माना गया है। सिर में स्थित मस्तिष्क शरीर की गतिविधियों और निर्णय लेने की प्रक्रिया को नियंत्रित करता है। इस श्लोक के जरिए चाणक्य ने जीवन में दृष्टि, पोषण और विवेक के महत्व को रेखांकित किया है।

भोजन और सिर को भी माना सर्वोपरि,सिर से मिलता है दिशा–निर्देश

शास्त्र के नवें अध्याय के चौथे श्लोक में आचार्य ने बताया है कि सभी औषधियों, सुखों, इंद्रियों और शरीर के

JAIGURUDEV MULTISPECIALITY HOSPITAL
मथुरा में सबसे कम दरों पर समस्त स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएँ उपलब्ध
हमारी टीम के अनुभवी एवं विशेषज्ञ डॉक्टर

डॉ. अनिल कुमार गौतम M.B.B.S, M.D., MEDICINE (CONSULTANT PHYSICIAN)	डॉ. दुर्गेश कुमार M.B.B.S, D.N.B., ORTHO-SUR. JOINT REPLACEMENT	डॉ. वी. के. पांडे M.B.B.S. M.S. Ortho
डॉ. संदीप गोवर्धन चौहान M.B.B.S, D.N.B., NEURO SURGEON	डॉ. इला अग्रवाल M.B.B.S. M.S. Ortho	डॉ. एकता थडानी M.B.B.S., DNB. (OBGY)
डॉ. सी. एम. मवार M.B.B.S. DVD. MIADVI	डॉ. नितेश जिंदल MBBS, MD, MEDICINE	डॉ. नरेश अग्रवाल M.B.B.S., D.C.H
डॉ. अर्पण मौर्य M.B.B.S., M.S. (SURGERY) F.M.A.S F.I.A.G.E.S GERASER SURGO &	डॉ. मनदीप यादव D.P.T B.P.T	डॉ. चेतना अग्रवाल B.D.S., MIDA
डॉ. हरि प्रसाद (B.H.M.S) CONSULTANT HOMOEOPATH	डॉ. एम. माहेश्वरी M.B.B.S. (MS) OPTHOLMALOGY	

आपातकालीन मो.नं. 7078877006
8650777901, 8953925593
Maholi Link Road, Mathura (U.P.)
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत ₹5 लाख तक का नि:शुल्क उपचार
आयुष्मान कार्ड धारकों का स्वागत है

भृगु ऋषि ने ऐसे ली त्रिदेवों की परीक्षा भगवान विष्णु के धैर्य ने जीता सबका मन



ब्रह्मा और शिव हुए नाराज, विष्णु ने दिखाया धैर्य

विष्णु ने ऋषि के पैर पकड़कर मांगी क्षमा

यूनिक समय, मथुरा। हिंदू धर्म की पौराणिक कथाओं में भगवान विष्णु को धैर्य, दया और क्षमाशीलता का प्रतीक माना गया है। उनसे जुड़ी भृगु ऋषि की एक कथा बताती है कि क्रोध पर नियंत्रण और विनम्र व्यवहार व्यक्ति को महान बनाते हैं। कथा के अनुसार, एक बार ऋषि–मुनियों के बीच ब्रह्मा, विष्णु और महेश में सबसे श्रेष्ठ कौन है, इसको लेकर चर्चा हुई। इसका उत्तर जानने के लिए भृगु ऋषि को तीनों देवताओं की परीक्षा लेने भेजा गया।

सबसे पहले भृगु ऋषि ब्रह्मलोक पहुंचे। वहां उन्होंने ब्रह्माजी को प्रणाम नहीं किया। इससे ब्रह्माजी नाराज हुए, लेकिन उन्होंने अपने क्रोध पर नियंत्रण रखा। इसके बाद ऋषि कैलाश पहुंचे। भगवान शिव ने उन्हें गले लगाना चाहा, लेकिन भृगु ने उन्हें ऐसा करने से रोक दिया। इस व्यवहार से शिवजी क्रोधित हो गए। माता पार्वती ने उन्हें शांत कराया।

अंत में भृगु ऋषि वैकुंठ पहुंचे। वहां भगवान विष्णु विश्राम कर रहे थे। ऋषि ने उनके सीने पर पैर से प्रहार कर दिया। इसके बावजूद विष्णुजी क्रोधित नहीं हुए। उन्होंने ऋषि के पैर पकड़कर पूछा कि कहीं उनके कोमल चरणों में चोट तो नहीं लगी। भगवान के इस व्यवहार से भृगु ऋषि प्रभावित हुए और उन्होंने विष्णुजी को श्रेष्ठ बताया। कथा की सीख है कि कठिन परिस्थितियों में धैर्य, विनम्रता और क्षमा का भाव बनाए रखना ही सच्ची महानता है।

लाल मूंगा बदल सकता है किस्मत

यूनिक समय, मथुरा। ज्योतिष शास्त्र में रत्नों का विशेष महत्व बताया गया है। मान्यता है कि अलग–अलग ग्रहों से संबंधित रत्न व्यक्ति के जीवन पर प्रभाव डालते हैं। इन्हीं में मूंगा रत्न को मंगल ग्रह से जुड़ा माना जाता है। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार, मूंगा साहस, आत्मविश्वास, ऊर्जा और पराक्रम का प्रतीक है। इसे कुछ राशियों के लिए विशेष शुभ माना गया है। खासतौर पर मेष, वृश्चिक और सिंह राशि के जातक इसे धारण कर सकते हैं। मान्यता है कि इससे करियर, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक प्रतिष्ठा में सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं।

मेष राशि के स्वामी मंगल हैं। इसलिए इस राशि के जातकों के लिए मूंगा शुभ माना जाता है। ज्योतिष के अनुसार, इसे धारण करने से आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता में वृद्धि की मान्यता है। सेना, पुलिस और प्रशासनिक क्षेत्रों से जुड़े लोगों के लिए भी इसे अनुकूल बताया गया है।

वृश्चिक राशि के स्वामी भी मंगल हैं। ऐसे में इस राशि के जातकों के लिए मूंगा धारण करना शुभ माना जाता



है। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार, इससे एकाग्रता, साहस और कार्यक्षेत्र में स्थिरता प्राप्त होने की संभावना मानी जाती है।

सिंह राशि के स्वामी सूर्य हैं। ज्योतिष में सूर्य और मंगल को मित्र ग्रह माना जाता है। इसी आधार पर सिंह राशि वालों के लिए भी मूंगा अनुकूल बताया गया है। मान्यता है कि इससे मान–सम्मान और करियर में सफलता के योग मजबूत हो सकते हैं। धनु और मीन राशि के जातक भी ज्योतिषीय सलाह के अनुसार इसे धारण कर सकते हैं।

ज्योतिष शास्त्र में साहस, ऊर्जा और पराक्रम का प्रतीक है यह रत्न

धारण करने से पहले कुंडली में मंगल की स्थिति देखना जरूरी

सिंह राशि वालों को भी मिल सकते हैं शुभ परिणाम

मेष और वृश्चिक राशि के लिए विशेष फलदायी

धारण करने से पहले रखें ध्यान: मूंगा मंगलवार को सुबह अनामिका उंगली में पहनने की परंपरा है। हालांकि रत्न धारण करने से पहले योग्य ज्योतिषाचार्य से कुंडली में मंगल की स्थिति का विश्लेषण करवाना चाहिए। ये सभी बातें ज्योतिषीय मान्यताओं पर आधारित हैं, इनके प्रभाव का वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है।

मार्गशीर्ष अमावस्या पर पितरों को करेंगे याद, स्नान–दान से मिलेगा पुण्य

यूनिक समय, मथुरा। हिंदू धर्म में अमावस्या तिथि का विशेष धार्मिक महत्व है। इनमें मार्गशीर्ष मास की अमावस्या को पितरों की शांति और उनका आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। इसे अगहन अमावस्या भी कहा जाता है। वर्ष 2026 में यह पर्व 8 दिसंबर, मंगलवार को मनाया जाएगा। इस दिन श्रद्धालु पवित्र नदियों में स्नान, पूजा–पाठ, पितरों का तर्पण और दान–पुण्य कर पूर्वजों का स्मरण करेंगे। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन श्रद्धा के साथ किए गए धार्मिक कार्यों से पुण्य की प्राप्ति



होती है और पितरों का आशीर्वाद मिलता है। अयोध्या के विद्वान सीताराम दास के अनुसार, मार्गशीर्ष अमावस्या तिथि का प्रारंभ 8 दिसंबर को सुबह 4 बजकर

8 दिसंबर को मनाई जाएगी अगहन अमावस्या

तर्पण और जरूरतमंदों की सेवा का विशेष महत्व

12 मिनट पर होगा और समापन 9 दिसंबर को सुबह 6 बजकर 21 मिनट पर होगा। इस दिन ब्रह्म मुहूर्त में स्नान करना विशेष फलदायी माना गया है। स्नान का शुभ समय सुबह 5:13 से 6:07 बजे तक रहेगा। वहीं दान के लिए अभिजीत मुहूर्त सुबह 11:52 से दोपहर 12:34 बजे तक निर्धारित है।

धार्मिक मान्यता है कि अमावस्या पर पितरों के निमित्त तर्पण और पूजा करने से उनकी आत्मिक शांति की कामना की जाती है। इस दिन सूर्योदय से पहले उठकर स्नान करना चाहिए। इसके बाद भगवान सूर्य को जल अर्पित कर पूर्वजों का स्मरण करते हुए तर्पण करना चाहिए। सामर्थ्य के अनुसार ब्राह्मणों और जरूरतमंदों को भोजन कराना भी पुण्यकारी माना जाता है।

मार्गशीर्ष अमावस्या पर चावल, आटा, दाल, तिल, गर्म कपड़े, कंबल और धन का दान करने की परंपरा है। यदि किसी कारणवश नदी में स्नान करना संभव न हो तो घर पर पानी में गंगाजल मिलाकर स्नान किया जा सकता है। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा और मंत्र जाप का भी विशेष महत्व बताया गया है। मान्यता है कि श्रद्धापूर्वक किए गए स्नान, दान और तर्पण से पितरों की कृपा प्राप्त होती है। साथ ही पितृ दोष से मुक्ति की कामना और परिवार में सुख–शांति एवं खुशहाली के लिए प्रार्थना की जाती है।

सम्पादकीय

बुजुर्गों का बुढ़ापा बाजार के हवाले

कभी घर के बुजुर्ग परिवार की शान और संस्कारों के बरगद हुआ करते थे। उनकी सलाह से घर चलते थे और उनके आशीर्वाद से पीढ़ियां आगे बढ़ती थीं। लेकिन बदलते दौर में बरगद की छांव अब बच्चों को कम और घर की सजावट को ज्यादा पसंद आने लगी है। मथुरा जैसे धार्मिक और सांस्कृतिक शहर में, जहां माता–पिता की सेवा को पुण्य माना जाता है, वहां भी बदलती पारिवारिक व्यवस्था बुजुर्गों के सामने अकेलेपन की चुनौती खड़ी कर रही है।



पवन गौतम
संपादक

पुणे के पास एक आधुनिक वृद्धाश्रम का मासिक शुल्क 50 हजार रुपये बताए जाने की खबर इस बदलते समाज का आईना है। अब वृद्धाश्रम भी हाईटेक हो रहे हैं। वातानुकूलित कमरे, जिम, वाई–फाई, स्विमिंग पूल और मनपसंद भोजन की सुविधाएं उपलब्ध हैं। बस एक चीज की कमी है, वह है अपने बच्चों का साथ और परिवार का अपनापन। लगता है बाजार ने बुढ़ापे के लिए हर सुविधा का पैकेज बना दिया, लेकिन मां–बाप के साथ बैठकर दो बातें करने का पैकेज अभी तैयार नहीं हुआ।

मथुरा के होली गेट से लेकर वृंदावन की गलियों तक बुजुर्गों के सम्मान और सेवा की परंपरा की बातें सुनाई देती हैं। लेकिन सवाल है कि क्या यह सम्मान घरों के भीतर भी उतना ही कायम है? नौकरी और करियर की दौड़ में बच्चे दूसरे शहरों या विदेशों में बस रहे हैं। पीछे रह जाते हैं बुजुर्ग और उनके साथ रह जाती हैं पुरानी यादें। कुछ परिवारों में माता–पिता को जिम्मेदारी के बजाय बोझ समझने की मानसिकता भी चिंता का विषय है।

संपादकीय सुनने के लिए मोबाइल से QR कोड को स्कैन करें।

विडंबना देखिए, जिन माता–पिता ने बच्चों का भविष्य बनाने के लिए अपनी पूरी कमाई लगा दी, उन्हें बुढ़ापे में रहने के लिए अपनी ही बचत खर्च करनी पड़ रही है। जिनके पास 50 हजार रुपये महीने देने की क्षमता नहीं, उनके लिए अच्छे आश्रय की तलाश भी मुश्किल है। सरकारी और सामाजिक संस्थाओं को ऐसे बुजुर्गों के लिए किफायती, सुरक्षित और सम्मानजनक सुविधाएं बढ़ानी होंगी।

माता–पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण–पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007 भी बुजुर्गों के अधिकारों की रक्षा का प्रावधान करता है। लेकिन कानून से पहले परिवारों की सोच बदलना जरूरी है। आखिर हाईटेक कमरों में बुजुर्गों को सुविधाएं तो मिल सकती हैं, लेकिन बेटे–बेटियों का प्यार नहीं। याद रखिए, आज जिनके माता–पिता वृद्धाश्रम में हैं, कल उनका बुढ़ापा भी किसी नई पीढ़ी के फैसले का इंतजार कर सकता है।

नजरिया

सीमा पर पहरा, भीतर दलाली का खुला कारोबार

बोध प्रकाश सगुणी



सीमा की सुरक्षा पर करोड़ों रुपये खर्च होते हैं। जवान तैनात हैं, निगरानी के इंतजाम हैं, कैमरे और तकनीक भी मौजूद हैं। सरकारें आती–जाती हैं, सुरक्षा के दावे बदलते हैं और घुसपैठ रोकने के संकल्प दोहराए जाते हैं। लेकिन बांग्लादेश से भारत में अवैध प्रवेश के लिए 30 से 40 हजार रुपये की कथित दर सामने आना बताता है कि सीमा पर सिर्फ तारबंदी की नहीं, व्यवस्था की भी परीक्षा हो रही है। सवाल यह है कि जब देश की सीमा इतनी संवेदनशील है तो दलालों के लिए यह कारोबार इतना आकर्षक कैसे बना हुआ है?

मथुरा से हजारों किलोमीटर दूर पश्चिम बंगाल के पेट्रापोल बॉर्डर की कहानी देश की सुरक्षा व्यवस्था के सामने कई असहज सवाल खड़े करती है। अखबार के एक खोजी रिपोर्ट में कथित एजेंट ने न केवल अवैध प्रवेश का दावा किया, बल्कि एक व्यक्ति को सीमा पार कराने का प्रदर्शन भी किया। रिपोर्ट में 300 रुपये से शुरू होकर 30–40 हजार रुपये तक पहुंची कीमतों का जिक्र है। यानी घुसपैठ अब महज सीमा पार करने का मामला नहीं, बल्कि कथित तौर पर बाकायदा पैकेज आधारित कारोबार बनती जा रही है। फर्क सिर्फ इतना है कि यहां कोई बिल नहीं मिलता, लेकिन जोखिम की कीमत जरूर वसूली जाती है।

व्यंग्य देखिए, देश में किसी सरकारी दफ्तर में एक प्रमाणपत्र बनवाने के लिए नागरिक को कई चक्कर लगाने पड़ते हैं। कभी दस्तावेज कम पड़ जाते हैं तो कभी हस्ताक्षर। लेकिन सीमा पार कराने वाले कथित नेटवर्क के पास ग्राहक के लिए एजेंट, संपर्क और ठिकाने की पूरी व्यवस्था होने का दावा है। यह व्यवस्था यदि वास्तव में इतनी संगठित है तो सवाल सिर्फ घुसपैठिए का नहीं, उस पूरे तंत्र का है जो इस अवैध कारोबार को चलने का अवसर देता है। कानून की लंबी कतार में खड़े नागरिक और कानून से बचकर रास्ता तलाशते दलालों के बीच यह विरोधाभास व्यवस्था की कार्यक्षमता पर गंभीर टिप्पणी है।

इस कहानी का सबसे चिंताजनक पक्ष मानवीय शोषण है। शाखी अख्तर नाम की महिला का बयान बताता है कि रोजगार और बेहतर जीवन की उम्मीद दिखाकर लोगों को किस तरह जाल में फंसाया जा सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत पहुंचने के बाद उनसे कथित तौर पर पैसे की मांग की गई और प्रताड़ित किया गया। परिवार से कर्ज लेकर रकम चुकाने की मजबूरी भी सामने आई। तीन बच्चों की मां का यह दर्द किसी राजनीतिक भाषण का विषय भर नहीं हो सकता। यह मानव तस्करी, आर्थिक शोषण और महिलाओं की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मामला है। जो लोग बेहतर भविष्य की तलाश में दलालों पर भरोसा करते हैं, वे कई बार एक मुसीबत से निकलकर दूसरी मुसीबत में पहुंच जाते हैं।

दूसरी ओर, अवैध रूप से सीमा पार करने वाले प्रत्येक व्यक्ति की कहानी एक जैसी नहीं होती। किसी के आने के पीछे रोजगार, पारिवारिक जरूरत, चिकित्सा या अन्य परिस्थितियां हो सकती हैं। लेकिन किसी भी परिस्थिति में बिना वैध दस्तावेज सीमा पार करना कानून और राष्ट्रीय सुरक्षा का प्रश्न है। धार्मिक पहचान के आधार पर सभी लोगों को एक ही नजर से देखना भी उचित नहीं। नागरिकता संशोधन कानून के दायरे में आने वाले पात्र लोगों और अवैध प्रवेश के मामलों के बीच कानूनी अंतर समझना जरूरी है। मानवीय संवेदना और राष्ट्रीय सुरक्षा एक–दूसरे के विरोधी नहीं हैं। कानून का निष्पक्ष पालन ही दोनों के बीच संतुलन बना सकता है।

रिपोर्ट में पुलिस की ओर से पांच–छह लोगों के नेटवर्क का जिक्र भी किया गया है। यदि सीमा के दोनों ओर बैठे लोग, स्थानीय संपर्क, फर्जी दस्तावेज तैयार कराने वाले और परिवहन की व्यवस्था करने वाले एक साथ काम कर रहे हैं तो यह अकेले सीमा सुरक्षा बल की जिम्मेदारी नहीं रह जाती। पुलिस, खुफिया एजेंसियों, प्रशासन और केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों को मिलकर इस नेटवर्क की आर्थिक जड़ों तक पहुंचना होगा। केवल सीमा पार करने वाले व्यक्ति को पकड़ लेना आसान कार्रवाई है, लेकिन उससे पैसा कमाने वालों और उन्हें संरक्षण देने वालों तक पहुंचना असली चुनौती है।

सरकार बदलने के बाद फेंसिंग, जमीन हस्तांतरण, तकनीकी निगरानी और होल्डिंग सेंटर जैसी व्यवस्थाओं का उल्लेख किया गया है। इन कदमों की उपयोगिता का मूल्यांकन राजनीतिक दावों से नहीं, उनके वास्तविक परिणामों से होना चाहिए। कितने अवैध नेटवर्क ध्वस्त हुए? कितने दलालों की संपत्ति जब्त हुई? कितने फर्जी दस्तावेज बनाने वाले पकड़े गए? कितने मामलों में आरोपियों को सजा मिली? इन सवालों के जवाब ही बताएंगे कि सुरक्षा के इंतजाम जमीन पर कितने प्रभावी हैं। सरकार किसी भी दल की हो, सीमा की सुरक्षा चुनावी नारा नहीं, निरंतर राष्ट्रीय जिम्मेदारी है।

होल्डिंग सेंटरों में रखे गए लोगों की कानूनी प्रक्रिया भी पारदर्शी और समयबद्ध होनी चाहिए। किसी की नागरिकता का सत्यापन, दस्तावेजों की जांच और प्रत्यावर्तन की प्रक्रिया कानून के मुताबिक पूरी हो। निर्दोष व्यक्ति को अनावश्यक रूप से लंबे समय तक रोके रखना उचित नहीं और अवैध प्रवेश के मामले में लापरवाही बरतना भी स्वीकार्य नहीं। मानवाधिकार और राष्ट्रीय सुरक्षा दोनों की कसौटी पर प्रशासन को खरा उतरना होगा।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि सीमा की निगरानी के बावजूद दलालों का भरोसा इतना मजबूत क्यों है? क्या स्थानीय स्तर पर भ्रष्टाचार है, क्या खुफिया सूचनाओं में कमी है या विभिन्न एजेंसियों के बीच तालमेल कमजोर है? इन सवालों की निष्पक्ष जांच जरूरी है। सीमा पर तैनात जवानों की सतर्कता के साथ उन लोगों की जवाबदेही भी तय होनी चाहिए जो व्यवस्था की कमजोरियों का लाभ उठाते हैं।

सीमा पर बाड़ लगाना जरूरी है, लेकिन उससे भी जरूरी है उस अदृश्य गठजोड़ को तोड़ना जो इंसान की मजबूरी को कारोबार बना देता है। तीस हजार रुपये की कथित एंट्री फीस सिर्फ एक रकम नहीं, बल्कि सुरक्षा व्यवस्था के सामने खड़ा सवाल है।

देश की सीमा कोई टिकट खिड़की नहीं, जहां पैसे देकर प्रवेश मिल जाए। जब तक इस कारोबार के असली संचालकों पर कार्रवाई नहीं होगी, तब तक सुरक्षा के दावे और दलालों की दुकान साथ–साथ चलने का खतरा बना रहेगा।

विचार विंडो

सोने में रेनियम की आशंका, ग्राहक रहें सतर्क

विनय कुमार शर्मा

सोना खरीदना भारतीय परिवारों के लिए सिर्फ खरीदारी नहीं, बल्कि परंपरा, प्रतिष्ठा और भविष्य की सुरक्षा से जुड़ा मामला है। खासकर मथुरा जैसे धार्मिक और सांस्कृतिक शहर में सोने के आभूषणों का महत्व कुछ ज्यादा ही है। शादी–ब्याह हो, बेटी की विदाई हो, त्योहार हो या कोई शुभ अवसर, सोने की चमक हर खुशी में शामिल रहती है। लेकिन अब इसी चमक पर मिलावट का साया मंडराने की खबर सामने आई है। सोने में चीन से आयातित रेनियम नामक धातु या उसके पाउडर की मिलावट किए जाने के दावे ने ग्राहकों की चिंता बढ़ा दी है। सवाल यह है कि जिस सोने को लोग पीढ़ियों की पूंजी समझकर खरीदते हैं, कहीं उसी में वजन बढ़ाने का खेल तो नहीं चल रहा?

मथुरा के होली गेट, चौक बाजार, छत्ता बाजार और कृष्णानगर के सराफा प्रतिष्ठानों में सोना खरीदने वालों की कमी नहीं है। यहां ग्राहक आभूषण खरीदते समय डिजाइन, वजन, कैरेट और मेकिंग चार्ज तक का हिसाब लगाते हैं। कई परिवार तो बेटी की शादी के लिए वर्षों पहले से सोना जोड़ना शुरू कर देते हैं। ऐसे में यदि सोने की शुद्धता पर ही सवाल खड़े होने लगें तो ग्राहक आखिर भरोसा किस पर करे? अब तक परेशानी यह थी कि सोना महंगा मिल रहा था, लेकिन नई चिंता यह है कि कहीं महंगे सोने के पैसे देकर ग्राहक को उसकी वास्तविक शुद्धता भी न मिले।

रेनियम मिलावट को लेकर सामने आई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इस धातु के पाउडर को सोना पिघलाते समय मिलाकर उसका वजन बढ़ाया जा सकता है। ऑल इंडिया



बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी कुमार जैन ने भी इस तरह की मिलावट को लेकर चिंता जताई है। हालांकि, इस दावे की व्यापकता और वास्तविक मामलों की स्वतंत्र जांच जरूरी है। अभी किसी भी ग्राहक को केवल खबर पढ़कर यह मान लेने की जरूरत नहीं कि बाजार में बिक रहा हर आभूषण मिलावटी है। लेकिन सतर्क रहना निश्चित रूप से जरूरी है।

व्यंग्य देखिए, आम आदमी बाजार से एक किलो सब्जी खरीदता है तो घर पहुंचकर तराजू पर दोबारा तौल लेता है। दूध में पानी की आशंका हो तो उसकी जांच के उपाय तलाशता है। लेकिन सोना खरीदते समय वह अक्सर दुकानदार के भरोसे अपनी हजारों–लाखों रुपये की पूंजी सौंप देता है। वजह भी साफ है, सोना खरीदना रोजमर्रा का काम नहीं है और हर ग्राहक धातुओं की पहचान का विशेषज्ञ नहीं हो सकता। अब यदि सोने में ऐसी धातु मिलाने की आशंका सामने आ रही है, जिसे सामान्य जांच में पकड़ना मुश्किल बताया जा रहा है, तो ग्राहक का चिंतित होना स्वाभाविक है।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि सोने की शुद्धता जांचने की जिम्मेदारी आखिर किसकी है? केवल ग्राहक को सावधान रहने की सलाह देकर व्यवस्था अपनी जिम्मेदारी से मुक्त नहीं हो सकती। सरकार, जांच एजेंसियों और ज्वेलर्स संगठनों को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि बाजार में बिकने वाले आभूषणों की गुणवत्ता की नियमित जांच हो। यदि कहीं मिलावट की पुष्टि होती है तो संबंधित कारोबारियों और सप्लायरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। सिर्फ चेतावनी जारी करने से मिलावट का कारोबार बंद नहीं होगा।

मथुरा जैसे शहरों में भी अत्याधुनिक जांच सुविधाओं की उपलब्धता बढ़ाने की जरूरत है। हर ग्राहक को सोने की जांच कराने के लिए दिल्ली, मुंबई या किसी बड़े महानगर का चक्कर न लगाना पड़े। स्थानीय स्तर पर प्रमाणित कंप्यूटराइज्ड प्योरिटी टेस्टिंग की सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए। इससे ग्राहक खरीदारी से पहले और खरीदारी के बाद भी अपने आभूषण की शुद्धता की जांच करा सकेंगे। सराफा व्यापारियों को भी अपनी प्रतिष्ठा बचाने के लिए पारदर्शिता को प्राथमिकता देनी होगी। भरोसा कारोबार की सबसे बड़ी पूंजी है और एक बार टूटने पर उसे दोबारा बनाना आसान नहीं होता।

ग्राहकों के लिए हॉलमार्क और एचयूआईडी नंबर की जांच बेहद जरूरी है। भारतीय मानक ब्यूरो के बीआईएस केयर एप के माध्यम से एचयूआईडी की प्रामाणिकता जांची जा सकती है। इसके अलावा खरीदारी का पक्का बिल लें, जिसमें सोने का वजन, कैरेट, शुद्धता और मेकिंग चार्ज स्पष्ट दर्ज हों। जरूरत पड़ने पर मान्यता प्राप्त केंद्र से कंप्यूटराइज्ड जांच भी कराएं। केवल चमक देखकर सोने की शुद्धता तय करना समझदारी नहीं है। चमक तो नकली चीजों में भी खूब होती है, असली परीक्षा कसौटी पर होती है।

सराफा कारोबारियों को भी समझना होगा कि मिलावट की एक घटना पूरे बाजार की साख को नुकसान पहुंचा सकती है। ईमानदार व्यापारियों के लिए यह जरूरी है कि वे ग्राहकों को जांच रिपोर्ट और शुद्धता की जानकारी उपलब्ध कराएं। संदिग्ध सप्लायरों और सस्ते सोने के लालच में फंसाने वाले एजेंटों से दूरी बनाएं। यदि किसी को मिलावट का संदेह हो तो संबंधित अधिकारियों को जानकारी दें।

दरअसल, मथुरा का ग्राहक सोना इसलिए खरीदता है कि जरूरत पड़ने पर उसकी पूंजी सुरक्षित रहे और अगली पीढ़ी तक उसकी कीमत बनी रहे। वह यह सोचकर आभूषण खरीदता है कि समय बदल सकता है, लेकिन सोने की कीमत और भरोसा कायम रहेगा। अब इस भरोसे को बचाने की जिम्मेदारी पूरे सराफा बाजार की है।

आखिर सोना खरीदने वाला ग्राहक जौहरी की दुकान पर गहना लेने जाता है, धातुओं की प्रयोगशाला खोलने नहीं। इसलिए शुद्धता की गारंटी केवल ग्राहक की सावधानी पर नहीं छोड़ी जा सकती। सोने की कीमत चाहे आसमान छुए या जमीन पर आए, उसकी शुद्धता पर कोई समझौता नहीं होना चाहिए। क्योंकि मथुरा के ग्राहक को सोने की चमक चाहिए, रेनियम का वजन नहीं!

अब श्रीलंका की बारी, वैभव सूर्यवंशी फिर मचाएंगे धमाल

सेमीफाइनल में भारत को उनसे फिर बड़ी पारी की उम्मीद

राइजिंग स्टार्स एशिया कप में 26 नवंबर को इंडिया ए और श्रीलंका के बीच होगा मुकाबला

श्रीलंका की मजबूत बल्लेबाजी से भारत को रहना होगा सावधान



यूनिक समय, नई दिल्ली। राइजिंग स्टार्स एशिया कप 2026 के सेमीफाइनल में इंडिया ए की भिड़ंत 26 नवंबर को श्रीलंका से होगी। इस मुकाबले में भारतीय टीम की निगाहें एक बार फिर 15 वर्षीय युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी पर रहेंगी। यूएई के खिलाफ विस्फोटक दोहरा शतक लगाकर वैभव ने क्रिकेट जगत में अपनी बल्लेबाजी का दम दिखाया है। अब श्रीलंका के गेंदबाजों के सामने उनकी अगली चुनौती होगी।

वैभव ने यूएई के खिलाफ महज 53 गेंदों में 204 रन की तूफानी पारी खेली थी। इस दौरान उन्होंने 28 छक्के और सात चौके लगाए। उनकी इस पारी की बदौलत भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ मिली हार से उबरते हुए शानदार वापसी की। वैभव की आक्रामक बल्लेबाजी ने भारतीय टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। ऐसे में सेमीफाइनल में भी उनसे बड़ी पारी की उम्मीद की जा रही है। श्रीलंका की टीम इस टूर्नामेंट में अब तक अपराजेय रही है। उसके बल्लेबाज निशान मदुश्का, लसिथ क्रूसपुले और कप्तान पवन रत्नायके लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। वानुजा साहन भी टीम के लिए उपयोगी साबित हुए हैं। ऐसे में भारतीय गेंदबाजों के सामने श्रीलंका के मजबूत बल्लेबाजी क्रम को रोकने की चुनौती होगी।

भारत की ओर से हर्षित राणा और प्रिंस यादव ने सात-सात विकेट हासिल किए हैं, लेकिन दोनों गेंदबाज कुछ मौकों पर महंगे भी साबित हुए हैं। टीम को सेमीफाइनल में गेंदबाजी में बेहतर नियंत्रण दिखाना होगा। भारतीय कप्तान तिलक वर्मा के प्रदर्शन पर भी सबकी नजर रहेगी। उन्होंने टूर्नामेंट में दो शतक लगाए हैं, लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ 100 रन बनाने के लिए 149 गेंदें खेली थीं। वहीं रिंकू सिंह और आयुष बडोनी का फॉर्म चिंता का विषय है। रिंकू पिछले मैचों में नौ और छह रन ही बना सके, जबकि बडोनी भी बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। भारत को फाइनल में जगह बनाने के लिए वैभव के साथ दूसरे बल्लेबाजों से भी योगदान की उम्मीद होगी।

भारतीय कारीगरों की कढ़ाई वाले गाउन में चमकीं मिस यूनिवर्स जेनिफर



यूनिक समय, नई दिल्ली। प्यूर्टो रिको की जेनिफर बैरेटो ने मिस यूनिवर्स-2026 का ताज अपने नाम कर लिया है। 25 नवंबर को राजधानी सैन जुआन में आयोजित प्रतियोगिता के 75वें फिनाले में उन्हें विजेता घोषित किया गया। जेनिफर ने भारतीय कारीगरों की बारीक कढ़ाई से सजा खास गाउन पहनकर सबका ध्यान खींचा। उनकी जीत इसलिए भी खास है, क्योंकि वह मिस यूनिवर्स का खिताब जीतने वाली पहली शादीशुदा महिला और मां बन गई हैं।

जेनिफर मॉडल होने के साथ सोशल वर्कर भी हैं। उन्होंने फरवरी 2026 में पहली बार रैंप वॉक किया था। इसके बाद जून में मिस यूनिवर्स प्यूर्टो रिको का खिताब जीतकर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में जगह बनाई। उनकी जीत के साथ प्यूर्टो रिको ने छठी बार यह ताज हासिल किया। डोमिनिकन रिपब्लिक की मेलिसा नुनेज फर्स्ट रनर-अप और वेनेजुएला की क्लारा वेगास सेकेंड रनर-अप रहीं।

मिस यूनिवर्स संगठन ने 2023 से प्रतियोगिता के नियमों में बदलाव किया था। इसके बाद शादीशुदा, तलाकशुदा और मां बन चुकी महिलाओं को भी हिस्सा लेने की अनुमति मिली। जेनिफर इसी बदलाव के बाद खिताब जीतने वाली पहली शादीशुदा महिला और मां बनी हैं। उनके सिर पर 3,150 हीरे जड़ा 18 कैरेट व्हाइट गोल्ड का खास ऋउन सजाया गया। इस बार भारत का प्रतिनिधित्व केरल की 19 वर्षीय काजिया लिज मेजो ने किया। प्रतियोगिता में 116 देशों और क्षेत्रों की सुंदरियों ने हिस्सा लिया। काजिया टॉप-30 में जगह बनाने में सफल रहीं, लेकिन टॉप-12 तक नहीं पहुंच सकीं। फिनाले से पहले प्रतियोगिता कई विवादों में भी रही।

'पंचायत- 5' की शूटिंग के बाद फुलेरा में फैलाई गंदगी



4 दिसंबर को रिलीज होगी पंचायत-5

वायरल वीडियो से मेकर्स पर उठे सवाल

यूनिक समय, नई दिल्ली। टीवीएफ की चर्चित वेब सीरीज 'पंचायत' के पांचवें सीजन का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। लेकिन रिलीज से पहले ही सीरीज के मेकर्स विवादों में घिर गए हैं। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें फुलेरा गांव में जगह-जगह कूड़ा-कचरा फैला दिखाई दे रहा है। आरोप है कि शूटिंग और प्रोमो लॉन्च का काम पूरा होने के बाद मेकर्स गांव को गंदा छोड़कर चले गए इंस्टाग्राम अकाउंट से साझा किए गए वीडियो में ग्राम पंचायत फुलेरा और सचिव जी के ऑफिस के आसपास का नजारा दिखाया गया है। यहां खाने-पीने के सामान, खाली पैकेट और अन्य कचरा बिखरा नजर आ रहा है। वीडियो बनाने वाले यूजर ने आरोप लगाया कि शूटिंग के बाद सफाई की जिम्मेदारी नहीं निभाई गई। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। 'पंचायत' का पांचवां सीजन 4 दिसंबर को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होने वाला है। ट्रेलर सामने आने के बाद से ही दर्शकों में इसे लेकर उत्साह है। अब वायरल वीडियो ने सीरीज के मेकर्स की जिम्मेदारी और शूटिंग के बाद सफाई व्यवस्था को लेकर सोशल मीडिया पर बहस छेड़ दी है।

अविनाश-ईशा के ब्रेकअप में ऋषिता का नाम आने पर भड़के मृदुल



बोले- विवाद से दूर रखें मेरी पार्टनर को


मृदुल ने पोस्ट कर अफवाहों पर जताई नाराजगी

यूनिक समय, नई दिल्ली। टीवी अभिनेता अविनाश मिश्रा और अभिनेत्री ईशा सिंह के ब्रेकअप का मामला लगातार सुर्खियों में है। अब इस विवाद में अभिनेत्री ऋषिता कोठारी का नाम जुड़ने से नया मोड़ आ गया है। सोशल मीडिया पर चल रही चर्चाओं के बीच ऋषिता के बॉयफ्रेंड मृदुल मीना ने नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए लोगों से ऋषिता को इस विवाद से दूर रखने की अपील की।

मृदुल मीना ने कहा कि उनका और ऋषिता का अविनाश-ईशा के मामले से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने फैन पेजों से बिना वजह बातें बनाने और गलत धारणाएं फैलाने से बचने को कहा। मृदुल ने ऋषिता की निजता का सम्मान करने की अपील भी की।

दरअसल, अविनाश और ईशा के ब्रेकअप की चर्चा तब तेज हुई, जब अविनाश का एक डीजे कार्यक्रम में 'बेवफा निकली है तू' गाने पर वीडियो वायरल हुआ। इसके बाद सोशल मीडिया पर उन्हें आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। ईशा के भाई ने भी दोनों की बातचीत के स्क्रीनशॉट साझा किए थे। बाद में अविनाश ने वीडियो जारी कर स्वीकार किया कि उनकी गलती की वजह से दोनों अलग हुए। अब इस विवाद में ऋषिता का नाम आने से उनके बॉयफ्रेंड मृदुल ने अपना पक्ष साफ कर दिया है।

अर्जुन कपूर के साथ साहिबा बाली की नजदीकियां फिर चर्चा में



आधा प्रसाद खाने वाले कैप्शन ने खींचा ध्यान

लॉर्ड्स स्टेडियम के बाद अब गुरुद्वारे में साथ नजर आए दोनों

डेटिंग की अटकलें तेज

यूनिक समय, नई दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर और अभिनेत्री साहिबा बाली के बीच नजदीकियों की चर्चाएं एक बार फिर तेज हो गई हैं। गुरुपर्व के मौके पर साहिबा ने अर्जुन के साथ अपनी सेल्फी इंस्टाग्राम स्टोरी पर साझा की। इसके साथ उन्होंने लिखा, 'मैंने उनका आधा प्रसाद भी खा लिया।

हैप्पी गुरुपर्व।' उनके इस मजेदार कैप्शन ने सोशल मीडिया पर फैंस का ध्यान खींच लिया। दोनों की तस्वीर में सिर ढके नजर आने के बाद उनके रिश्ते को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। हालांकि, दोनों ने अभी तक डेटिंग की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। अर्जुन और साहिबा को जुलाई में लंदन के लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर भारत-इंग्लैंड का मुकाबला देखते हुए साथ देखा गया था। इसके बाद दोनों की तस्वीरें वायरल हुई थीं। साहिबा ने उस समय मजाकिया अंदाज में डेटिंग की खबरों पर प्रतिक्रिया दी थी।

अर्जुन के जन्मदिन पर साहिबा ने उन्हें 'सबका बेस्ट फ्रेंड' बताते हुए पोस्ट साझा किया था। दोनों के बीच सोशल मीडिया पर हुई मजेदार बातचीत भी चर्चा में रही। अब गुरुपर्व की तस्वीर ने एक बार फिर फैंस की उत्सुकता बढ़ा दी है।

टेस्ट रैंकिंग में भारतीय सितारों की चमक

गिल-जायसवाल ने लगाई लंबी छलांग, बुमराह बने नंबर-2



आईसीसी की ताजा टेस्ट रैंकिंग में भारतीय खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

ऋषभ पंत को भी मिला फायदा

इंग्लैंड के हैरी ब्रूक बल्लेबाजों में पहले स्थान पर बरकरार

यूनिक समय, नई दिल्ली। आईसीसी की ताजा टेस्ट रैंकिंग में भारतीय क्रिकेटरों ने अपनी धाक जमाई है। कप्तान शुभमन गिल और सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने शानदार छलांग लगाकर टॉप-10 में जगह मजबूत की है। वहीं विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को भी रैंकिंग में फायदा मिला है। गेंदबाजों की सूची में भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने तीन पायदान की छलांग लगाकर दूसरा स्थान हासिल कर लिया है।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहला टेस्ट मुकाबला समाप्त होने के बाद जारी हुई नई रैंकिंग में खिलाड़ियों की स्थिति में बदलाव देखने को मिला है। बल्लेबाजों की सूची में इंग्लैंड के हैरी ब्रूक 861 रेटिंग अंकों के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं। इंग्लैंड के ही जो रूट 816 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा 807 अंकों के साथ तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं।

भारतीय बल्लेबाजों में ऋषभ पंत को एक स्थान का फायदा हुआ है। वह 744 रेटिंग अंकों के साथ छठे नंबर पर पहुंच गए हैं। कप्तान शुभमन गिल ने दो स्थानों की छलांग लगाकर 728 अंकों के साथ सातवां स्थान हासिल किया है।

वहीं यशस्वी जायसवाल ने सबसे ज्यादा पांच पायदान की छलांग लगाई है। वह 713 रेटिंग अंकों के साथ नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं। पिछले दिनों टॉप-10 से बाहर हुए जायसवाल ने एक बार फिर शीर्ष खिलाड़ियों की सूची में वापसी की है।

गेंदबाजों की रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क पहले स्थान पर कायम हैं। भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने तीन स्थान की छलांग लगाकर दूसरा स्थान हासिल किया है। उनके खाते में 856 रेटिंग अंक हैं।

भारतीय गेंदबाजों में फिलहाल बुमराह ही टॉप-10 में शामिल हैं। उनकी इस उपलब्धि से टेस्ट क्रिकेट में भारतीय गेंदबाजी की ताकत एक बार फिर सामने आई है। बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभागों में भारतीय खिलाड़ियों की बेहतर रैंकिंग टीम के लिए उत्साहजनक संकेत है।

8 किलो के घुंघरुओं ने बढ़ाई श्रद्धा की मुश्किल चोट के बावजूद नहीं छोड़ी 'ईठा' की शूटिंग

यूनिक समय, नई दिल्ली। श्रद्धा कपूर ने फिल्म के लावणी गाने के लिए 25 दिन की रिहर्सल की। निर्देशक लक्ष्मण उतेकर ने बताया कि पैरों में सूजन और मांसपेशियों में चोट के कारण शूटिंग रोकनी पड़ी थी। एक महीने बाद श्रद्धा ने वापसी की। 'ईठा' 4 दिसंबर को रिलीज होगी।

कासगंज में हाईवे किनारे मिला महिला का शव,मचा हड़कम्प



यूनिक समय, कासगंज। उत्तर प्रदेश के कासगंज में मथुरा–बरेली बाईपास पर बुधवार सुबह एक महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। महिला की उम्र करीब 30 से 32 वर्ष बताई जा रही है। उसके हाथ में बीयर की केन मिली है। गर्दन पर नाखून से खरोंच जैसे निशान भी पाए गए हैं। पुलिस को आशंका है कि महिला की हत्या कहीं दूसरी जगह की गई और बाद में शव हाईवे किनारे फेंक दिया गया। फिलहाल महिला की पहचान नहीं हो सकी है।

घटना जिला मुख्यालय से करीब आठ किलोमीटर दूर कायमपुर–बहेड़िया गांव के पास की है।

बुधवार सुबह करीब 5:49 बजे गोरहा गांव निवासी राज और उनके साथी पवन कुमार दौड़ लगाने पहुंचे थे। इसी दौरान उन्हें सुरेंद्र के बाग के पास महिला का शव दिखाई दिया। उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस को महिला की नाक के पास खरोंच और गर्दन पर नाखून जैसे निशान मिले।

महिला ने सफेद–काली धारीदार गर्म कुर्ती, काली पजामी और नीला दुपट्टा पहन रखा था। उसके पास मिले नीले पर्स में प्रसाद, पेन, चाबियां और श्रृंगार का सामान मिला। हाथ में बीयर की केन थी। उस पर दर्ज बारकोड से पता चला कि केन बदायूं के सहसवान क्षेत्र के शहबाजपुर ठेके की थी। महिला के हाथ में द्वारकाधीश लिखा लाल धागा भी बंधा था।

एसपी ओपी सिंह समेत वरिष्ठ अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने साक्ष्य जुटाकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आसपास के जिलों में भी महिला की पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

हाथ में बीयर की केन हत्या की आशंका

सुबह दौड़ लगाने पहुंचे युवकों ने देखा शव

पर्स में मिला प्रसाद, पेन और चाबियां

बारात से लौट रही कार नहर में गिरी, दूल्हे के मौसा की मौत



यूनिक समय, फर्रुखाबाद । फर्रुखाबाद में बुधवार तड़के बारात से लौट रही अर्टिगा कार अनियंत्रित होकर करीब 10 फीट गहरी सूखी नहर में जा गिरी। हादसे में दूल्हे के मौसा की मौत हो गई, जबकि चार अन्य बाराती घायल हो गए। घायलों में एक का पैर टूट गया है। हादसा कंपिल थाना क्षेत्र के मानिकपुर गांव के पास हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने आलोक उर्फ अशोक (40) को मृत घोषित कर दिया। गंभीर घायलों को लोहिया अस्पताल रेफर किया गया।

कंपिल निवासी अमरनाथ माथुर की बेटी कविता की शादी दिल्ली निवासी प्रवीण के साथ हुई थी। मंगलवार रात बारात एसआई पब्लिक गेस्ट हाउस पहुंची थी। शादी की रस्मों के बाद दूल्हे के मौसा अशोक समेत पांच लोग अर्टिगा कार से लौट रहे थे। तभी कार नहर में गिर गई।

हादसे में संजीव का पैर टूट गया, जबकि भरत की गंभीर हालत देखते हुए उन्हें कानपुर रेफर किया गया। घटना की खबर मिलते ही शादी समारोह में मातम छा गया। दूल्हे ने पहले दुल्हन की विदाई से इनकार कर दिया, लेकिन परिजनों के समझाने पर वह राजी हो गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

शादी से लौटते समय हुआ हादसा, चार बाराती घायल

दूल्हे ने विदाई से किया इनकार

यूपी में पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल

दस आईपीएस और 18 अपर पुलिस अधीक्षकों के तबादले



यूनिक समय, लखनऊ। विधानसभा चुनाव से पहले योगी सरकार ने पुलिस विभाग में बड़ा प्रशासनिक बदलाव किया है। बुधवार को जारी तबादला सूची में 10 भारतीय पुलिस सेवा और 18 अपर पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारियों को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। खास बात यह है कि तबादला किए गए 10 आईपीएस अधिकारियों में छह महिलाएं हैं। वहीं, 18 अपर पुलिस अधीक्षकों में पांच महिला अधिकारी शामिल हैं।

आईपीएस अधिकारियों में मावित टॉक को सोनभद्र से लखनऊ नीतू को वाराणसी से नोएडा और शिवा सिंह को कानपुर से आगरा भेजा गया है। अमित कुमावत को लखनऊ से गाजियाबाद, किरन यादव को आतंकवाद निरोधक दस्ता मुख्यालय लखनऊ तथा पुनीत द्विवेदी को लखनऊ पुलिस आयुक्तालय में सहायक पुलिस आयुक्त बनाया गया है। इसके अलावा पुष्कर वर्मा को प्रयागराज से फतेहगढ़, आदित्य को आगरा से बदायूं, शैव्या गोयल को नोएडा से गाजियाबाद और भवरे दीक्षा अरुण को शाहजहांपुर से मेरठ भेजा गया है।

18 अपर पुलिस अधीक्षकों के तबादलों में कुमार रणविजय सिंह को मुरादाबाद से आजमगढ़ ग्रामीण, अनूप कुमार को मऊ से सोनभद्र और देवेंद्र सिंह प्रथम को शाहजहांपुर ग्रामीण भेजा गया है।

इंदु प्रभा सिंह को लखनऊ में अपर पुलिस उपायुक्त बनाया गया है। वहीं, ममता कुरील को अलीगढ़ में अपराध शाखा से मुजफ्फरनगर में यातायात पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी दी गई है।

मावित टॉक को सोनभद्र से लखनऊ भेजा

ममता कुरील को मुजफ्फर नगर की जिम्मेदारी

पिता के सपने ने लव गोयल को पहुंचाया केबीसी में



यूनिक समय, आगरा। आगरा के बोदला स्थित आवास विकास निवासी लव गोयल ने अपनी मेहनत और लगन से कौन बनेगा करोड़पति की हॉट सीट तक पहुंचने का सपना साकार कर लिया। पेशे से बिक्री प्रबंधक लव बुधवार को सदी के महानायक अमिताभ बच्चन के सामने बैठकर सवालों के जवाब देते नजर आएंगे। उनके चयन से परिवार में खुशी का माहौल है। खास बात यह है कि लव ने पिता के पुराने सपने को अपना लक्ष्य बनाया और इसके लिए दो साल तक लगातार तैयारी की।

लव के पिता दीपक गोयल शुरू से ही कौन बनेगा करोड़पति देखते रहे हैं। वर्ष 2023 में उन्होंने बेटे से भी कार्यक्रम में शामिल होने का प्रयास करने को कहा। पिता की इच्छा को गंभीरता से लेते हुए लव ने 2024 से तैयारी शुरू कर दी। किताबों, सामान्य ज्ञान, समसामयिक घटनाओं और पुराने कार्यक्रमों के जरिए उन्होंने अपनी जानकारी बढ़ाई।

वर्ष 2025 में लव पांच दौर पार करने के बावजूद चयन से चूक गए। उन्होंने हार मानने के बजाय तैयारी जारी रखी। नौकरी के साथ पढ़ाई और अभ्यास प्रश्नपत्र हल करना उनकी दिनचर्या बन गया। वर्ष 2026 में छह दौर पार करने के बाद आखिरकार उनका चयन हो गया। बहन भी 2024 में प्रयास कर चुकी थीं। अब परिवार को उनके कार्यक्रम के प्रसारण का इंतजार है।

पिता की इच्छा को बनाया जिंदगी का लक्ष्य

पांच दौर में चूके, छठे में मिली सफलता

राहुल गांधी की संपत्ति जांच का आदेश रद्द



यूनिक समय, लखनऊ। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को राहुल गांधी की संपत्ति की जांच से जुड़े इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश रद्द कर दिए। हाईकोर्ट ने मई में भाजपा कार्यकर्ता एस. विग्नेश शिशिर की याचिका पर सीबीआई और ईडी को आरोपों की जांच के निर्देश दिए थे। सुप्रीम कोर्ट ने मामला दोबारा हाईकोर्ट भेजते हुए कहा कि राहुल गांधी को भी सुनवाई का मौका दिया जाए। उनका पक्ष सुनने के बाद ही नया आदेश पारित किया जाए। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने यह फैसला सुनाया। राहुल गांधी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल पेश हुए। राहुल ने हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए कहा था कि याचिकाकर्ता की इस मामले में याचिका दाखिल करने की पात्रता स्पष्ट नहीं है। भाजपा कार्यकर्ता विग्नेश शिशिर ने 25 अप्रैल को हाईकोर्ट की लखनऊपीठ में याचिका दाखिल कर राहुल गांधी और उनके परिवार के सदस्यों की संपत्ति की जांच सीबीआई और ईडी से कराने की मांग की थी। मई में अदालत ने एजेंसियों को आरोपों का कानून के अनुसार सत्यापन करने को कहा था।

17 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि राहुल गांधी का पक्ष सुने बिना उनके खिलाफ आदेश देना उचित नहीं था। इसके बाद हाईकोर्ट की कार्यवाही पर रोक लगाई गई थी। बुधवार को सभी संबंधित आदेश रद्द कर मामला नए सिरे से सुनवाई के लिए भेज दिया गया।

सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट भेजा मामला

राहुल गांधी को सुनने के बाद नया आदेश देने के निर्देश

कट्टों से ब्रह्मोस तक पहुंचा यूपी : योगी



यूनिक समय, लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लखनऊ में एक समाचार चैनल के कार्यक्रम में प्रदेश के विकास, रक्षा उत्पादन और राजनीतिक मुद्दों पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि कभी उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में अवैध कट्टे और बम बनाए जाते थे, लेकिन आज प्रदेश में आधुनिक राइफल, रिवॉल्वर और ब्रह्मोस मिसाइल का निर्माण हो रहा है। उन्होंने इसे प्रदेश की बदली तस्वीर बताया।

समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के गठबंधन पर निशाना साधते हुए योगी ने कहा कि दोनों दलों के बीच तालमेल की कमी है। एक तरफ सीटों के बंटवारे पर बातचीत हो रही है, तो दूसरी तरफ अलग–अलग प्रत्याशी घोषित किए जा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि गठबंधन चुनाव से पहले ही कमजोर पड़ गया है। अखिलेश यादव के अयोध्या दौरे पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या जाना अच्छी बात है, लेकिन समाजवादी पार्टी को रामभक्तों से माफी भी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि 90 के दशक में सद्बुद्धि आ गई होती तो रामभक्तों पर गोली चलाने की नौबत नहीं आती। एनडीए की एकजुटता पर उन्होंने कहा कि निषाद पार्टी और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी समेत सभी सहयोगी दल साथ हैं।

योगी ने बताया कि वर्ष 2018 से सरकारी नियुक्तियों की प्रक्रिया जारी है। युवा सशक्तीकरण योजना के पहले चरण में 60 लाख युवाओं को टैबलेट और स्मार्टफोन दिए गए हैं। दूसरे चरण में 25 लाख टैबलेट बांटने की योजना है। युवाओं को कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोबोटिक्स, ड्रोन और सेमीकंडक्टर तकनीक से जोड़ा जा रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में 50 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। देश के कुल मोबाइल फोन उत्पादन में यूपी की हिस्सेदारी करीब 55 प्रतिशत है। साथ ही प्रदेश में सात शहरों में मेट्रो और 17 हवाई अड्डे संचालित हैं।

अयोध्या जाना अच्छी बात, सपा रामभक्तों से मांगे माफी

10.50 लाख सरकारी नौकरियों और 25 लाख टैबलेट की योजना

अखिलेश हमें भिखारी न समझें, बिना चर्चा उम्मीदवार उतारे: इमरान मसूद

यूनिक समय, लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले सपा और कांग्रेस के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर नाराजगी जताते हुए कहा कि कांग्रेस कोई भिखारी नहीं है, जो उनसे कुछ मिलने का इंतजार करे। सहारनपुर सांसद ने आरोप लगाया कि सीटों पर बातचीत के बीच सपा ने बिना चर्चा पांच उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को अब तय करना होगा कि सपा के साथ बातचीत जारी रखनी है या नहीं।

मसूद ने कहा कि एक तरफ गठबंधन की बातचीत चल रही है और दूसरी तरफ उम्मीदवार घोषित किए जा रहे हैं। सपा ने सहारनपुर की दो सीटों पर भी प्रत्याशी उतारे हैं, जिन पर कांग्रेस दावा कर रही थी। सपा सांसद शिवपाल सिंह पटेल ने पलटवार करते हुए कहा कि इमरान मसूद हमेशा सवाल उठाते रहते हैं। बाकी सीटें कांग्रेस को दी जाएंगी।

सीट बंटवारे में कांग्रेस 125 सीटों की मांग कर रही है, जबकि सपा ने शुरुआती सूची में 26 सीटों का प्रस्ताव दिया है। कांग्रेस नेताओं ने 100 से कम सीटें लेने से इनकार किया है। दोनों दलों के बीच 26 और 27 नवंबर को फिर बातचीत होनी है। हालांकि, दोनों पार्टियों के नेताओं ने भाजपा को हराने के लिए गठबंधन जारी रहने की उम्मीद जताई है।

सहारनपुर की दो सीटों पर फंसा पेंच, 125 सीटें मांग रही कांग्रेस

सूरत में दिल दहला देने वाली वारदात

एक परिवार के छह लोगों को नहर में फेंका,तीन की मौत

यूनिक समय, नई दिल्ली। गुजरात के सूरत जिले के बारडोली इलाके में एक ही परिवार के छह सदस्यों को नहर में फेंकने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि कार सवार चार लोगों ने महाराष्ट्र के जलगांव के रहने वाले मजदूर परिवार को रोककर इस वारदात को अंजाम दिया। घटना में माता–पिता समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि परिवार के दो बच्चे लापता हैं। वहीं, 13 वर्षीय किशोर ने नहर में लगी पाइप पकड़कर अपनी जान बचा ली। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



जानकारी के अनुसार, परिवार महाराष्ट्र के एरंडोल इलाके की एक फैक्ट्री में मजदूरी करता था। परिवार सूरत की ओर जा रहा था। इसी दौरान बारडोली के उवा गांव के पास कार सवार लोगों ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि इसके बाद परिवार के छह सदस्यों को उकाई बायीं नहर में फेंक दिया गया।

घटना के दौरान 13 वर्षीय किशोर नहर में लगी पाइप पकड़ने में सफल रहा। किसी तरह बाहर निकलकर वह नजदीकी होटल पहुंचा और लोगों को जानकारी दी। इसके बाद पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंचे। तलाशी अभियान के दौरान महुवा तालुका के डुंगरी गांव के पास तीन लोगों के शव बरामद हुए।

मृतकों की पहचान नितीन उर्फ भूरिया पाटील (45), उनकी पत्नी कविता पाटील (38) और स्वीटी पाटील (9) के रूप में हुई है। वहीं, हरीश पाटील (15) और प्रथमेश पाटील (2) अभी लापता हैं। दोनों बच्चों की तलाश के लिए नहर में अभियान चलाया जा रहा है।

बारडोली ग्रामीण थाने में खंडियो, आभा, बंटी और एक अज्ञात व्यक्ति समेत चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। सूरत ग्रामीण पुलिस अधीक्षक राजेश गढ़िया के निर्देश पर छह विशेष टीमें गठित की गई हैं। इनमें स्थानीय पुलिस, अपराध शाखा, विशेष अभियान दल और तकनीकी टीम शामिल हैं।

पुलिस अधीक्षक के मुताबिक, जांच में आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उनकी तलाश की जा रही है। वारदात के पीछे पुरानी रंजिश, आपसी विवाद या अन्य कारणों की जांच भी की जा रही है। पुलिस 13 वर्षीय किशोर से मिली जानकारी के आधार पर घटना की कड़ियां जोड़ रही है।

तीन के शव मिले, दो बच्चों की तलाश जारी

छह पुलिस टीमें जांच में जुटी

असम में ट्रिपल मर्डर के दो आरोपियों का एनकाउंटर, दोनों घायल



पुलिस पर हमले के बाद चली गोलियां

हथियार बरामद करने गई थी पुलिस टीम

कर्ज चुकाने के लिए रची थी हत्या की साजिश

यूनिक समय, नई दिल्ली। असम के डिब्रूगढ़ जिले में एक ही परिवार के तीन लोगों की हत्या के मामले में गिरफ्तार दो आरोपियों का मंगलवार रात पुलिस से सामना हो गया। डुलियाजान ट्रिपल मर्डर केस के संदिग्ध राजू दास और अमीर दास पुलिस की फायरिंग में घायल हो गए। दोनों के पैरों में गोली लगी है। वहीं, आरोपियों के हमले में दो पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं। पुलिस के मुताबिक, घटना रात करीब 11 बजे बालिजन टी एस्टेट में हुई।

पुलिस दोनों आरोपियों को हत्या में इस्तेमाल मुख्य हथियार बरामद करने के लिए घटनास्थल पर ले गई थी। तलाशी के दौरान राजू और अमीर ने पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया। इसके बाद दोनों ने अंधेरे का फायदा उठाकर भागने की कोशिश की। पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए गोली चलाई, जिसमें दोनों के पैर में गोली लगी। घायल पुलिसकर्मियों और आरोपियों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

16 नवंबर को डिब्रूगढ़ के दुलियाजान स्थित कमलाबाड़ी में सेवानिवृत्त ऑयल इंडिया अधिकारी चंद्रकांत भुइयां, उनकी पत्नी एलिजा और बेटी निहारिका की हत्या कर दी गई थी। तीनों के शव घर के अलग–अलग कमरों में मिले थे। पुलिस ने इस मामले में राजू दास और उसके मौसेरे भाई अमीर दास को गिरफ्तार किया था।

जांच के मुताबिक, राजू पिछले सात साल से परिवार के घर में किरायेदार और केयरटेकर था। ऑनलाइन गेमिंग के कारण उस पर भारी कर्ज हो गया था। पुलिस का आरोप है कि कर्ज चुकाने के लिए उसने लूट की साजिश रची और विरोध करने पर परिवार की हत्या कर दी। वारदात में लोहे की रॉड और हथौड़े का इस्तेमाल किया गया था।

दीपम विवाद में तमिलनाडु सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से मांगी माफी



मंदिर प्रशासन पर लगाया रोकने का आरोप

कोर्ट के आदेश के बावजूद नहीं जला दीप

तीन दशक पुराना विवाद फिर गरमाया

यूनिक समय, नई दिल्ली। तमिलनाडु के मदुरै स्थित तिरुपरंकुंद्रम पहाड़ी पर कार्तिगई दीपम जलाने को लेकर विवाद गहरा गया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद दीपथून यानी पत्थर के स्तंभ पर दीप नहीं जलाया गया। बुधवार को राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में माफी मांगते हुए हलफनामा दाखिल किया। सरकार का कहना है कि उसने दीप जलाने की कोशिश की, लेकिन मंदिर प्रशासन ने स्थापित परंपराओं और धार्मिक रीति–रिवाजों का हवाला देकर रोक दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने 20 नवंबर को 24 नवंबर को दीपथून पर दीप जलाने की एक बार की अनुमति दी थी। इसके बावजूद दीप केवल उचि पिल्लैयार मंदिर के पास पारंपरिक स्थान पर जलाया गया। याचिकाकर्ताओं ने इसे कोर्ट के आदेश की अवहेलना बताते हुए अधिकारियों पर अवमानना कार्रवाई की मांग की है। कोर्ट ने औपचारिक याचिका दाखिल करने को कहा है।

दीपथून पर दीप जलाने को लेकर मंदिर और सिकंदर बदूशा दरगाह के बीच करीब तीन दशक से विवाद चल रहा है। मंगलवार को हिंदू संगठनों के प्रदर्शन के बाद करीब 300 लोगों पर मुकदमे दर्ज किए गए। बुधवार को भी पहाड़ी पर आम लोगों की एंट्री बंद रही। मामले की अगली सुनवाई जनवरी 2027 में होगी।

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत की जासूसी कर रहे थे तीन चीनी सैटेलाइट



चार दिन तक रखी नजर

तीन चीनी सैटेलाइट्स ने बदली थी कक्षा

पाकिस्तान को जानकारी देने का खुलासा नहीं

यूनिक समय, नई दिल्ली। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन के तीन सैटेलाइट भारत के पश्चिमी तट पर लगातार निगरानी कर रहे थे। मीडिया रिपोर्ट्स में भारतीय स्पेस सर्विलांस कंपनी डिगंतारा के विश्लेषण के हवाले से यह दावा किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, चीनी सैटेलाइट्स ने चार दिनों तक भुज, नलिया, जामनगर और रिलायंस रिफाइनरी की गतिविधियों पर नजर रखी। इस दौरान नौसेना और वायुसेना के ठिकानों के साथ महत्वपूर्ण बंदरगाहों और औद्योगिक क्षेत्रों की भी निगरानी की गई।

रिपोर्ट में निंग्शिया–14, गाओफेन–11 और याओगान–30 सैटेलाइट्स के नाम सामने आए हैं। दावा है कि 7 मई 2025 को ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने के दिन ही इन सैटेलाइट्स ने अपनी कक्षा बदली थी। भुज और नलिया के एयरफोर्स स्टेशन पाकिस्तान सीमा के नजदीक स्थित महत्वपूर्ण सैन्य ठिकाने हैं।

डिगंतारा के विश्लेषण से चीनी सैटेलाइट्स की निगरानी गतिविधियों का पता चला है।

हालांकि, इन सैटेलाइट्स से जुटाई गई जानकारी पाकिस्तान के साथ साझा की गई थी या नहीं, इसकी पुष्टि नहीं हुई है। ऑपरेशन सिंदूर 7 से 10 मई 2025 तक चला था। इस दौरान भारत ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों और सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया था।

उमर खालिद और शरजील इमाम को सुप्रीम कोर्ट से झटका



अंतरिम जमानत पर फिलहाल रोक

यूनिक समय, नई दिल्ली। दिल्ली दंगों की कथित बड़ी साजिश के मामले में जेल में बंद उमर खालिद और शरजील इमाम को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली है। बुधवार को मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने दोनों की अंतरिम जमानत की मांग फिलहाल स्वीकार नहीं की।

उमर खालिद की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और शरजील इमाम की ओर से सिद्धार्थ दवे ने अंतरिम जमानत देने का अनुरोध किया था। इस पर पीठ ने कहा कि फिलहाल राहत नहीं दी जा सकती।

सुप्रीम कोर्ट ने दोनों की याचिकाओं पर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। पीठ ने स्पष्ट किया कि अंतरिम जमानत पर विचार करने से पहले पुलिस का पक्ष सुना जाएगा। मामले में मुख्य न्यायाधीश के साथ न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना भी पीठ में शामिल रहे।

उमर खालिद और शरजील इमाम ने दिल्ली हाईकोर्ट के 30 सितंबर 2026 के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसमें उनकी जमानत याचिकाएं खारिज कर दी गई थीं। दोनों ने दलील दी कि अभियोजन पक्ष संरक्षित गवाहों के बयान दर्ज कराने में देरी कर रहा है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट की ओर से लगाई गई एक साल की रोक की अवधि पूरी होने वाली है। अब मामले में दिल्ली पुलिस के जवाब के बाद आगे सुनवाई होगी।

असम में पुलिस अधिकारियों की पार्टी में भिड़ंत



डीआईजी के वार से एसएसपी घायल

बहस के बाद हाथापाई पुलिस महानिदेशक ने सौंपी सुलह की जिम्मेदारी

मुख्यमंत्री ने दिन में पुलिस को सिखाया था अनुशासन

यूनिक समय, नई दिल्ली। असम के कोकराझार में पुलिस अधिकारियों की पार्टी के दौरान दो आईपीएस अधिकारियों के बीच मारपीट हो गई। बताया जा रहा है कि किसी बात पर हुई बहस के बाद एसएसपी अक्षत गर्ग और डीआईजी वाईटी गेत्सु आपस में भिड़ गए। हाथापाई में एसएसपी गर्ग घायल हो गए। घटना सराईखोला स्थित सातवीं असम पुलिस बटालियन परिसर की है, जहां एसएसपी ने पार्टी आयोजित की थी। इसमें डीआईजी भी शामिल हुए थे। हालांकि, दोनों के बीच विवाद की असली वजह अभी सामने नहीं आई है।

मामले की जानकारी सामने आने के बाद मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने इसे अधिकारियों का निजी मामला बताया। उन्होंने पुलिस महानिदेशक को विवाद सुलझाने की जिम्मेदारी दी है। पुलिस महानिदेशक ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी सुरेंद्र कुमार को दोनों अधिकारियों के बीच सुलह कराने के लिए कहा है। पुलिस मुख्यालय की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं हुआ है। विभागीय कार्रवाई को लेकर भी स्थिति स्पष्ट नहीं है।

संयोग से इसी दिन मुख्यमंत्री ने पुलिस अकादमी में नए पुलिसकर्मियों को अनुशासन, अच्छे व्यवहार और वर्दी की गरिमा बनाए रखने की सीख दी थी। उन्होंने नशे और अनुचित भाषा से दूर रहने की सलाह भी दी थी।

हजारीबाग में बारात के स्वागत के बीच चली गोलियां

एक युवक की मौत दूसरा गंभीर

यूनिक समय, नई दिल्ली। झारखंड के हजारीबाग में शादी समारोह के दौरान अचानक हुई गोलीबारी से खुशियां मातम में बदल गईं। बुधवार देर रात होटल उपकार में बारात के स्वागत के लिए द्वार लगाने की रस्म चल रही थी। इसी दौरान अचानक गोलियां चलने लगीं। गोली लगने से एक युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। वारदात के बाद हमलावर फरार हो गए। पुलिस उनकी तलाश में जुटी है। घटना जिला परिषद चौक के आगे डीवीसी क्षेत्र स्थित होटल उपकार की है। यहां शादी समारोह में बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। बारात के स्वागत के दौरान अचानक गोलीबारी शुरू हो गई। गोलियों की आवाज सुनकर समारोह में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर–उधर भागने लगे। गोलीबारी में हजारीबाग के बाबा पथ, हुहरू निवासी अर्णव सिंह उर्फ बिट्टू की मौत हो गई। वहीं, अंकित नाम का युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची भेजा गया है। शादी में लड़की पक्ष हजारीबाग का रहने वाला है, जबकि बारात चतरा जिले के सिमरिया से आई थी। पुलिस पुरानी रंजिश समेत अन्य संभावित कारणों की जांच कर रही है। समारोह में मौजूद लोगों से पूछताछ की जा रही है। हमलावरों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें जुटी हैं। फिलहाल गोलीबारी की असली वजह स्पष्ट नहीं हुई है।

अवैध अस्पतालों और झोलाछाप डॉक्टरों पर होगी कार्रवाई



बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते डीएम चंद्र प्रकाश सिंह।

अस्पतालों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, चिकित्सकों की उपस्थिति और साफ-सफाई पर जोर

यूनिक समय, मथुरा। सरकारी अस्पतालों में मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने में लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। बुधवार को डीएम चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं और विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। डीएम ने सीएमओ डॉ. राधावल्लभ को अवैध अस्पतालों और झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। पीसीपीएनडीटी कमेटी को अल्ट्रासाउंड सेंटरों की नियमित जांच करने और अनियमितता मिलने पर प्राथमिकी दर्ज कराने को कहा। सभी सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों की समय से उपस्थिति, साफ-सफाई और मरीजों को त्वरित उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने पीएचसी-सीएचसी में उपचार व्यवस्था मजबूत करने, दवाओं और उपकरणों की उपलब्धता तथा मरीजों के तीमारदारों के लिए बैठने और पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। जननी सुरक्षा योजना के लाभार्थियों का भुगतान समय से करने, गर्भवती महिलाओं की देखभाल और शत-प्रतिशत टीकाकरण पर भी जोर दिया। पात्रों के आयुष्मान कार्ड और आभा आईडी बनाने, 108 और 102 एंबुलेंस को समय से पहुंचाने के निर्देश दिए। बैठक में डॉ. विकास कुमार, डॉ. अनिल पुरनानी, डॉ. वंदना अग्रवाल, डॉ. अनुज कुमार, डॉ. विकास जैन, संजय सिहोरिया, डॉ. भूदेव, डॉ. गोपाल बाबू और डॉ. चित्रेश कुमार उपस्थित रहे।



निम्बार्काचार्य की शोभायात्रा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

बैंडबाजों और कीर्तन मंडलियों के साथ निकली भव्य यात्रा जगह-जगह पुष्पवर्षा कर हुआ स्वागत

यूनिक समय, वृंदावन। निम्बार्क जयंती पर बुधवार को धर्मनगरी में निम्बार्काचार्य की भव्य शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। छीपी गली स्थित निम्बार्क कोट मंदिर से बैंडबाजों और कीर्तन मंडलियों के साथ शुरू हुई शोभायात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। भगवान निम्बार्काचार्य और रासबिहारी ठाकुर की सवारी आकर्षण का केंद्र रही। भजन-कीर्तन करते और जयकारे लगाते श्रद्धालु पूरे मार्ग में भक्ति के रंग में रंगे नजर आए।

मंदिर के सेवायत वृंदावन बिहारी, अंशुमान शर्मा गोपालजी और अनिरुद्ध शर्मा लालजी के नेतृत्व में शोभायात्रा किशोरपुरा, गौतम पाड़ा, बांके बिहारी मंदिर मार्ग, अठखंभा, बनखंडी महादेव, लोई बाजार, गोपीनाथ बाजार, शाहजी मंदिर, राधारमण मंदिर, गोपेश्वर महादेव, सुदामा कुटी, मलूक पीठ, ज्ञानगुदड़ी और टटिया स्थान सहित विभिन्न क्षेत्रों से होकर गुजरी। रास्ते में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। सुदामा कुटी पर संत-महंतों ने भी शोभायात्रा का अभिनंदन किया।

देर रात यात्रा वापस निम्बार्क कोट मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। मंदिर सेवायत अंशुमान शर्मा और अनिरुद्ध शर्मा ने बताया कि यह परंपरा 183 वर्षों से लगातार निभाई जा रही है। इस अवसर पर मुखिया महंत सुतीक्ष्णदास, प्रेमदास सहित अनेक संत-महंत और श्रद्धालु मौजूद रहे।

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने को मिले 14,952 फार्म-6

28 और 29 नवंबर को चलेगा विशेष अभियान दलों से बीएलए सक्रिय करने की अपील

यूनिक समय, मथुरा। मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत जिले में अब तक 14,952 फार्म-6, 1,422 फार्म-7 और 3,500 फार्म-8 प्राप्त हुए हैं। बुधवार को डीएम- जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। डीएम ने सभी दलों से अपने बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) सक्रिय कर छूटे हुए मतदाताओं के नाम जुड़वाने में सहयोग करने की अपील की।

डीएम ने बताया कि 17 नवंबर से 16 दिसंबर तक पुनरीक्षण कार्य चलेगा। 28 और 29 नवंबर को विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिले में कुल 17,05,238 मतदाता हैं। पुनरीक्षण कार्य के लिए 2263 बीएलओ और 219 सुपरवाइजर लगाए गए हैं। इसके अलावा 239 सेक्टर ऑफिसर और 35 जोनल मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि नाम जुड़वाने के लिए फार्म-6, संशोधन अथवा स्थान परिवर्तन के लिए फार्म-8 और नाम कटवाने के लिए फार्म-7 भरें। बैठक में वीरेंद्र यादव, प्रदीप चौधरी, आकाश चौधरी, आरपी सिंह, सत्यपाल चौधरी, प्रेम प्रकाश एडवोकेट, मुनेन्द्र सिंह निगम, सुरेश कुमार आर्य, बलवीर प्रधान, विष्णु चौधरी, एडीएम डॉ. पंकज कुमार वर्मा और मनोज खंडेलवाल मौजूद रहे। मतदाता सूची संबंधी सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 1950 जारी किया गया है।

विद्यालय में शराब पीने की तस्वीरें वायरल प्रधानाध्यापक पर कार्रवाई का इंतजार

बीएसए के संज्ञान में मामला पहुंचने के बाद भी जांच और कार्रवाई नहीं होने पर उठे सवाल

यूनिक समय, मथुरा। फरह ब्लॉक के गांव जोधपुर स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुकेश सिकरवार की विद्यालय परिसर में शराब पीते हुए तस्वीरें और वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल होने के बाद भी विभागीय कार्रवाई नहीं होने का मामला तूल पकड़ रहा है। मामला बीएसए रतन कीर्ति के संज्ञान में पहुंचने के बावजूद अब तक जांच शुरू नहीं होने का आरोप लगाया जा रहा है।

बताया गया है कि प्रधानाध्यापक की शराब पीते हुए तस्वीरें पहले इंटरनेट मीडिया पर वायरल हुईं। इसके बाद वीडियो भी सामने आया। समाचार पत्रों में खबरें प्रकाशित होने के बावजूद विभागीय स्तर पर कार्रवाई नहीं होने से शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।

आरोप है कि प्रधानाध्यापक अपनी राजनीतिक पहुंच का हवाला देकर कार्रवाई नहीं होने की बात कहते हैं। शिक्षक के मथुरा के एक भाजपा विधायक से संबंध होने की बात भी सामने आई है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि विद्यालय जैसे अनुशासित संस्थान में इस तरह के गंभीर आरोप सामने आने के बाद भी विभाग ने जांच क्यों नहीं कराई? बीएसए की चुप्पी और कथित राजनीतिक संरक्षण को लेकर अब लोग कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं।

नशे के कारोबार में फरार तीन अभियुक्तों की तलाश तेज

पुलिस ने संभावित ठिकानों और रिश्तेदारियों में दी दबिश, हाथ नहीं आए आरोपी

यूनिक समय, मथुरा। नशे के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई के बाद फरार हुए तीन अभियुक्तों की तलाश में गोविंदनगर पुलिस लगातार दबिश दे रही है। पुलिस ने कई संभावित ठिकानों के साथ अभियुक्तों की रिश्तेदारियों में भी छापेमारी की, लेकिन अभी तक उनका सुराग नहीं लग सका है।

थाना प्रभारी अजय वर्मा ने बताया कि राधेश्याम कॉलोनी में नशे के कारोबार की सूचना पर छापेमारी कर पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया था। इसके बाद जानकारी मिली कि गऊघाट पर एक महिला अपने साथियों के साथ नशीले पदार्थों की बिक्री कर रही है। पुलिस ने मौके पर छापा मारकर महिला को नशीले पदार्थों के साथ गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसके तीन साथी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए।

फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने उनके संभावित ठिकानों पर दबिश दी, लेकिन वे हाथ नहीं आए। अब पुलिस उनकी रिश्तेदारियों और अन्य संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही है।

खड़े ट्रक में पीछे से घुसी कार, चालक गंभीर

यूनिक समय, चौमुहां। राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर हाईटेक अस्पताल के समीप तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर खड़े ट्रक में पीछे से घुस गई। हादसे में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर फरार हो गया।

बताया गया कि फरीदाबाद, हरियाणा निवासी महेश स्विफ्ट कार से दिल्ली की ओर जा रहा था। हाईटेक अस्पताल के पास उसकी कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल महेश को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस फरार ट्रक चालक की तलाश कर रही है।

बाइक काटकर हत्या का सबूत मिटाने वाला गिरफ्तार

यूनिक समय, मथुरा। शेरगढ़ पुलिस ने हत्या के मामले में सबूत मिटाने के लिए मृतक की बाइक काटकर उसके पुर्जे अलग करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर बाइक के कटे हुए पुर्जे बरामद किए हैं।

गांव लक्ष्मणवीर अगरयाला निवासी विक्की ने अपने पिता श्याम सिंह की हत्या के मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। विवेचना के दौरान पुलिस ने श्याम सिंह की बाइक की तलाश की तो पता चला कि साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से बाइक को काटकर उसके पुर्जे अलग कर दिए गए हैं। पुलिस ने इस मामले में शहजाद उर्फ बद्दू निवासी मोहल्ला निकासा, कोसीकलां को गिरफ्तार किया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

2.815 किलो गांजे केसाथ आरोपी गिरफ्तार

यूनिक समय, मथुरा। थाना राया पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से दो किलो 815 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, चेकिंग के दौरान ग्राम भखंडी से नगला भरऊ जाने वाले रास्ते पर संदिग्ध अवस्था में मिले हरेंद्र सिंह निवासी नगला भरऊ को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की है।

आगरा कैनाल पर बन रहा पुल, किसानों को मिलेगी राहत



गौ ग्राम के सामने आगरा कैनाल पर पुल बनाने को बोरों में मिट्टी भरते श्रमिक।

यूनिक समय, फरह। गौ ग्राम परखम स्थित दीनदयाल कामधेनु गौशाला के सामने से निकल रही आगरा कैनाल पर अब एक और नया पुल बनाया जा रहा है। यह पुल 28 नवंबर तक तैयार कर लिया जाएगा। इस सुविधा के विकसित होने से गौशाला के अलावा स्थानीय किसानों को भी लाभ मिलेगा।

बुधवार को आगरा कैनाल पर नया पुल बनाने के लिए काफी संख्या में मजदूर बोरों में मिट्टी भरने में जुटे रहे। इस बोरों को आगरा कैनाल में रखा जाएगा, जिससे पानी का प्रवाह रोका जा सके और बड़े पाइपों को कैनाल में रखकर पुल तैयार किया जा सके। यह काम 28 नवंबर को सीएम आदि नेताओं के गौशाला आने से पहले पूरा कर लिया जाएगा।